News सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-133
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, शनिवार 17 अगस्त 2024

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM



**आज का विचार**

सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएँ आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है!

## सिंगल कॉलम

### शेयर बाजार में फिर बहार, सेंसेक्स 1330 अंक चढ़ा, निफ्टी 24500 पार



**मुंबई।** बैंकिंग और आईटी शेयरों में मजबूती के कारण घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 30 शेयरों का प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स 1,330.96 (1.68%) अंकों की बढ़त के साथ 80,436.84 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 397.41 (1.65%) अंक उछलकर 24,541.15 के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार का प्रमुख बेंचमार्क सेंसेक्स हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन दो सप्ताह से अधिक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। आईटी शेयरों और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी और वैश्विक शेयरों में तेज के बाद बाजार में मजबूती आई। सेंसेक्स दिन के कारोबार के दौरान 1,412.33 अंक या 1.78 प्रतिशत बढ़कर 80,518.21 के स्तर पर पहुंचा। शुक्रवार के कारोबारी सत्र के दौरान बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 7.17 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 451.46 लाख करोड़ रुपये हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में से टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा स्टील सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। एकमात्र सन फार्मा के शेयर लाल निशान पर बंद हुए। सभी क्षेत्रीय सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। बीएसई मिडकैप में 1.8 फीसदी की तेजी आई, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.7 फीसदी की तेजी आई। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग में काफी तेजी रही। यूरोपीय बाजार ज्यादातर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। इससे पहले गुरुवार को अमेरिकी बाजार तेज बढ़त के साथ बंद हुए।

### केंद्र सरकार ने डेढ़ दर्जन नौकरशाहों की नियुक्ति का आदेश किया जारी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने डेढ़ दर्जन से अधिक नौकरशाहों (आईएएस) की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। कार्मिक विभाग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के इन वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिकारियों की नियुक्ति संबंधी फरमान के मुताबिक आरके सिंह भारत के नए रक्षा सचिव होंगे। फिलहाल वाणिज्य मंत्रालय में औद्योगिक नीति मामलों के सचिव आरके सिंह को रक्षा मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) बना दिया है। केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी आरके सिंह मौजूदा रक्षा सचिव गिरधर अरमाने के सेवानिवृत्त होने के बाद पदभार संभालेंगे। मध्यप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी मनोज गोविल को वित्त मंत्रालय में व्यय मामलों का सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं हैदराबाद कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक जोशी को वित्त विभाग में सचिव बनाया गया है। जबकि 1989 बैच के गुजरात कैडर के अधिकारी के श्रीनिवास को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का सचिव बनाया गया है।

### छात्र को चाकू मारने उदयपुर में तनाव, शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में एक सरकारी स्कूल में एक छात्र को चाकू मारने की वारदात ने हिंसा का रूप ले लिया है। लोगों ने शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ की और पथराव किया। एक गैरेज में खड़ी कारों को आग भी लगा दी। पुलिस ने लाठी चार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। हिंदूवादी संगठनों ने बाजार बंद करवाए है। आक्रोशित लोगों ने सड़कों पर खड़ी गाड़ियों को पलटा दिया। साथ ही शहर के कई इलाकों में पथराव की भी घटनाएं सामने आई। दरअसल, शहर के सरकारी स्कूल में एक छात्र ने दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से जख्मी छात्र को अध्यापक की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल छात्र का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है। यह घटना सूरजपोल थाना क्षेत्र की है। घायल छात्र को शिक्षक महाराणा भोपाल एमबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है. घटना से आक्रोशित लोगों ने शहर के कई इलाकों में दुकानें बंद करवा दी है. कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की पुलिस जांच की जा रही है. साथ ही बताया गया कि दोनों छात्र एक ही क्लास में पढ़ते हैं. दोनों के बीच पहले क्या विवाद हुआ, इसके बारे में जानकारी नहीं है, लेकिन जब लंच हुआ तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया था कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि हमला कर फरार हुए नाबालिग छात्र को डिटेन कर उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है।

डॉक्टरों की तालाबंदीः कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड के बाद केंद्र के नए निर्देश

# डॉक्टरों के साथ हिंसा हुई तो अस्पताल के हेड होंगे जिम्मेदार

## इस निर्देश के बाद भी डॉक्टर अड़े, देश के सभी सरकारी-प्राइवेट अस्पताल में आज हड़ताल

**नई दिल्ली।** कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-हत्याकांड में डॉक्टरों का गुस्सा उफान पर है। पूरे देश में डॉक्टर और नर्सो ने हड़ताल कर दी है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। हड़ताली डॉक्टरों की मांग है कि केंद्र सरकार सभी स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक आदेश जारी किया है कि किसी डॉक्टर के साथ किसी प्रकार की हिंसा होती है, तो इसके लिए मेडिकल कॉलेज या अस्पताल के हेड जिम्मेदार होंगे। आदेश में कहा गया है कि स्वास्थ्य कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा होने पर घटना के 6 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज करवाई जाए। ऐसा न होने पर मेडिकल कॉलेज के प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

दरअसल, हड़ताली डॉक्टरों की यह सबसे प्रमुख मांग थी कि केंद्र सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक कानून पास करे। उनके अनुसार आए दिन कहीं न कहीं डॉक्टरों के साथ मारपीट की जाती रहती है। उनके जानमाल के साथ खिलवाड़ किया जाता है। ऐसे में डॉक्टरों की मांग थी कि एक कानून के जरिए केंद्र सरकार पूरे देश में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए उचित कानून बनाए। हड़ताली डॉक्टरों ने इसके लिए केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भी लिखा था। केंद्र सरकार ने डॉक्टरों का साथ देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कही थी। हालांकि, अभी स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए कोई कानून लाने की बात तो नहीं कही गई है, लेकिन शुक्रवार को केंद्र सरकार द्वारा एक आदेश जारी कर दिया गया है जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कर्मियों के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा होने पर मेडिकल कॉलेज के प्रमुख के द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देना अनिवार्य होगा और घटना की एफआईआर दर्ज कराना भी आवश्यक होगा।

### पहले से तय ऑपरेशन टाले जाने की आशंका



कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप और मर्डर के सनसनीखेज कांड पर हंगामा थमता नहीं दिख रहा। इस घटना के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने शनिवार को देशभर के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में हड़ताल का आह्वान किया है। हालांकि, आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी, लेकिन ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। ऐसे में अस्पताल आने वाले मरीजों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अस्पतालों में पहले से तय ऑपरेशन टाले जाने की आशंका है। कोलकाता में बुधवार रात आरजी कर अस्पताल में हुई हिंसा के बाद, फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडिया (एफओआरडीए) ने भी अपनी राष्ट्रव्यापी हड़ताल फिर से शुरू करने का फैसला किया है।

### इमरजेंसी सेवाएं भी हो सकती हैं बंद

आईएमए, फोर्डा, फेमा, नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन, फैकल्टी एसोसिएशनें, और देशभर की रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशनों की ओर से 17 अगस्त को ओपीडी सर्विसेज, ऑपरेशन थिएटर, रेडियोलॉजिकल जांचें, इलेक्टिव सर्विसेज, मरीजों के एडिमिशन को पूरी तरह शट डाउन करने का ऐलान किया गया है। वहीं कुछ एसोसिएशनों ने इमरजेंसी सेवाओं को भी बंद करने का सुझाव दिया है। ऐसे में अगर इमरजेंसी सेवाएं भी बंद कर दी गई, तो आपातकाल में आने वाले केसेज और मरीजों को बड़ा नुकसान हो सकता है।

### अस्पतालों में भटकते रहे मरीज

दिल्ली में 14 अगस्त को अस्पतालों में इलाज के लिए पहुंचे बहुत सारे मरीजों को कहा गया था कि डॉक्टरों की हड़ताल है, ऐसे में 16 अगस्त को आएं लेकिन शुक्रवार को भी मरीजों को अस्पतालों में इलाज नहीं मिला। बल्कि उन्हें ओपीडी में ताले लटके मिले। इतना ही नहीं लंबे समय से जांच या डॉक्टर से कंसल्टेशन के लिए अपॉइंटमेंट लेकर एम्स, सफदरजंग, आरएमएल, हेडगेवार, कैंसर इंस्टीट्यूट में दिखाने आए मरीजों को निराश लौटना पड़ा। यह हालत मध्यप्रदेश में भी रही। भोपाल में एम्स के बाद हमीदिया अस्पताल के जूनियर डॉक्टरों ने गुरुवार रात 12 बजे से काम बंद कर दिया। इंदौर में भी जूनियर डॉक्टर्स इमरजेंसी केस ही देख रहे हैं। भोपाल और इंदौर में शनिवार से निजी अस्पतालों में ओपीडी बंद रखने का फैसला लिया है। निजी अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रहेगी। इधर, डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में दो जनहित याचिकाएं दाखिल की गई है। इसमें डॉक्टरों की हड़ताल को गलत बताया गया है।

### महिला डॉक्टर को मिले न्याय

हमारी मांग है कि जिस महिला डॉक्टर की हत्या हुई, उनको न्याय मिले। डॉक्टरों को हिंसा से बचाने के लिए केंद्रीय कानून बनाया जाए और अस्पतालों को सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए। **-डॉ. विनय अग्रवाल, चेयरमैन, आईएमए एक्शन कमेटी**

सीएम डॉ. मोहन यादव बोले

# एक दिन अखंड भारत होगा



**भोपाल।** भोपाल में शुक्रवार को हिन्दी भाषा महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने अखंड भारत बनने की बात कही। उन्होंने कहा- अखंड भारत का दृश्य अपने आप अपनी आंखों के सामने आएगा। आज नहीं तो कल... यह बात मान कर चलिए। मुझे दायित्व ऐसा है कि मुझे बोलने में कठिनाई है अन्यथा यह ज्यादा दिन तक अलग-अलग दिखेंगे। यह भारत एक ही दिखेगा। कोई इससे अलग नहीं हो सकता। सीएम यादव ने कहा- मेरा दायित्व ऐसा है कि मुझे बोलने में कठिनाई है, अन्यथा ज्यादा दिन तक भारत अलग-अलग नहीं दिखेगा। भारत एक ही दिखेगा। कोई इससे अलग नहीं हो सकता, क्योंकि इसकी संस्कृति एक है। संस्कृत से संस्कृति बनी है, और संस्कृति का अर्थ ही यह है कि हमारी भाषा, हमारा आचार-विचार, व्यवहार हैं।

सीएम ने कहा कि भारतीय भाषा में हिंदी भाषा से संबंध जोड़ने की बात आई। ऐसा कहते हैं जिसका कुल अच्छा, उसका पुत्र अच्छा। कुल से पुत्र-पुत्री की पहचान होती है। हिंदी की बात करेंगे तो हिंदी का कुल किससे जुड़ेगा? संस्कृत से जुड़ेगा। हिंदी संस्कृत की पुत्री है। भाषा के नाते संस्कृत से हमारी अपनी संस्कृति का अहसास करना पड़ेगा। जैसे भारतीय संस्कृति कहेंगे तो पूरी भारतीय संस्कृति में इसकी व्यापकता है। आज नहीं तो कल यह बात मान कर चलिए।

**हिमालय की भूमिका वाली हमारी संस्कृति-** सीएम ने कहा कि जैसे हिमालय एक है लेकिन वहां से गंगोत्री भी निकल रही है, यमुनोत्री भी निकल रही है, भागीरथी, अलकनंदा भी निकल रही है। उसी प्रकार से हिमालय की भूमिका वाली हमारी संस्कृति है। भाषा की बोली से उत्पत्ति हो उसके पहले बोली का परिष्कार भी जरूरी है, और बोलियां की मिठास और उसका आनंद भी अलग है। बोलियों की विशेषता उनके इतिहास से जुड़ी हुई हैं। जब हम बोली के अंदर जाएंगे तो बुंदेली में शौर्य-पराक्रम से भर जाएंगे और मालवा में जाएंगे तो डिप्लोमैटिक हो जाएंगे। यह विनोद का विषय है और अंदर जाएंगे तो गहराई समझ आएगी।

**लाइब्रेरी में सभी लेखकों की पुस्तकें होंगी-** सीएम ने पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) की किताबों को शामिल करने को लेकर उठ रहे विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल पाठ्यक्रम तैयार नहीं हुआ है और यह काम अभी बाकी है। इसके लिए एक समिति और अध्ययन मंडल बनेगा जो इसे फाइनल करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 55 जिलों में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज बनाए गए हैं, जिनमें हमने लाइब्रेरी स्थापित की है। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में सभी विचारवान लेखकों की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि अगर पुस्तकें नहीं रखेंगे तो क्या करेंगे? पुस्तकें तो रखनी ही पड़ेंगी, चाहे वो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हों या किसी और री। आपकी इच्छा हो तो पढ़ें, नहीं हो तो न पढ़ें।

## पहले मानव मिशन गगनयान के लिए टेस्ट दिसंबर में होने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने गगनयान मिशन को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि गगनयान अभियान के लिए रॉकेट के 3 चरण श्रीहरिकोटा के शार रेंज में पहुंच चुके हैं। एजेंसी इस वर्ष के अंत तक अपनी पहली परीक्षण उड़ान का लक्ष्य बना रही है। एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद सोमनाथ ने पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले मानव उड़ान मिशन गगनयान के लिए रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान दिसंबर में होने की उम्मीद है। यान के तीन चरण एसडीएससी शार में पहुंच चुके हैं। क्रू मॉड्यूल को विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुवनंतपुरम में एकीकृत किया जा रहा है। गगनयान रॉकेट के लिए सभी सिस्टम (जिनका कोड नाम जी 1 रखा गया है) इस साल नवंबर में शार रेंज तक पहुंच जाएगा। इसरो इस साल दिसंबर में पहली परीक्षण उड़ान का लक्ष्य रख रही है। एक सवाल के जवाब में सोमनाथ ने कहा कि तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के कुलसेकरपट्टिनम में दूसरे रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सोमनाथ ने कहा कि इसके 2 साल में चालू होने की उम्मीद है। इस सुविधा का प्राथमिक उपयोग एसएसएलवी रॉकेट प्रक्षेपण में किया जाएगा। इसरो श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी और जीएसएलवी मिशनों को प्रक्षेपित करना जारी रखेगा। आज के एसएसएलवी-डी3 मिशन की सफलता के बारे में उन्होंने कहा, एसएसएलवी की तीसरी विकासात्मक उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई है। रॉकेट ने उपग्रहों को योजना के अनुसार बहुत ही सटीक कक्षा में स्थापित किया है। अंतःक्षेपण की स्थिति में कोई विचलन नहीं है। सौर पैनल तैनात हैं। अंतिम विकासात्मक उड़ान पूरा होने के साथ एसएसएलवी प्रौद्योगिकी अब उद्योग को हस्तांतरित की जाएगी। आज की उपलब्धि के साथ एसएसएलवी ने परिचालन चरण में प्रवेश किया है।

## नेशनल फिल्म अवॉर्ड का ऐलान, 'कांतारा' बेस्ट फिल्म, ऋषभ शेट्टी बेस्ट एक्टर

**नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया के सबसे बड़े सम्मान नेशनल फिल्म अवॉर्ड का ऐलान हो गया है। एआर रहमान को बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन के लिए सम्मानित किया गया है और अरिजीत सिंह को बेस्ट सिंगर का अवॉर्ड मिला है। फिल्म 'कांतारा' के लिए ऋषभ शेट्टी को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला है, साथ ही उनकी फिल्म 'कांतारा' बेस्ट फिल्म बनी है। वहीं नित्या मेनन को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। मनोज बाजपेयी और शर्मीला टैगोर की फिल्म गुलमोहर को बेस्ट हिंदी फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 70वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स का ऐलान किया है। इसमें अवॉर्ड जीतने वाली फिल्मों से लेकर एक्टर और म्यूजिक डायरेक्टर आदि सभी शामिल हैं।

### ये हैं बेस्ट अवॉर्ड विनर

-बेस्ट फिल्म प्रावइडिंग होसलम एंटरटेनमेंट- कांतारा
-बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर- प्रीतम- ब्रह्मास्त्र-1
-बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन बैकग्राउंड- एआर रहमान- पीएस-1
-बेस्ट साउंड डिजाइन- एआर रहमान- पीएस-1
-बेस्ट मेल सिंगर- अरिजीत सिंह-केसरिया- ब्रह्मास्त्र-1
-बेस्ट एक्टर- ऋषभ शेट्टी- कांतारा
-बेस्ट एक्ट्रेस- नित्या मेनन- तिरुचित्रमबलम
-बेस्ट एक्ट्रेस- मानसी पारेख- कछ एक्सप्रेस (गुजराती फिल्म)
-बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस- नीना गुप्ता-ऊंचाई
-बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर- पवन राज मल्होत्रा- फौजा (हरियाणवी फिल्म)
-बेस्ट फिल्म क्रिटिक- दीपक दुआ
- बेस्ट एनिमेशन- ब्रह्मास्त्र 1- धर्मा
-बेस्ट हिंदी फिल्म- गुलमोहर
-बेस्ट डायरेक्टर- सूरज बड़जात्या (ऊंचाई)
-बेस्ट तेलुगु फिल्म- कार्तिकेय 2
-बेस्ट तमिल फिल्म- पीएस-1
-बेस्ट कन्नड़ फिल्म- केजीएफ 2
-बेस्ट फीचर फिल्म- आट्टम (मलयालम)

### नॉन फीचर कैटेगरी में ये विजेताः

- बेस्ट नॉन फीचर फिल्म- बीरुबाला, हरगिला (असम)
-बेस्ट स्क्रिप्ट- कौशिक सरकार- मोनो नो अवेयर
-बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन- विशाल भारद्वाज-फुर्सत हिंदी
-बेस्ट डायरेक्शन- मैरियम चैंडी- फॉर्म दे शेडो
-बेस्ट शॉर्ट फिल्म- औन्येता (असम)
-बेस्ट नॉन फीचर सोशल और पर्यावरण वैल्यू- ऑन द ब्रिंक सीजन 2- गरिया

News सिटी चीफ
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार
Fastest Growing Media Network
अवश्यकता है
इंदौर भोपाल जिले के सभी तहसीलो में दैनिक अख़बार और डिजिटल रिपोर्टर की।
डिजिटल और प्रिंट के लिये मार्केटिंग टीम (मेल/फीमेल) एवं हेल्परो की अवश्यकता हैं
डिजिटल मीडिया का क्रान्तिकारी कदम
डिजिटल भारत में खबरों के लिए देखे सिटी चीफ न्यूज़
रिपोर्टर बनने के लिए सम्पर्क करे
9755996590

## सिंगल कॉलम

### युवक को छत से फेंकने वाले दो लोगों को उम्रकैद, युवक की हो गई थी मौत

**इंदौर।** छत पर शराब पीने से रोकने पर आरोपियों का विवाद हुआ। गुस्से में आरोपी ने युवक ने छत से नीचे आंगन में फेंक दिया। सिर फटने से युवक की मौत हो गई। मामले में चार साल बाद कोर्ट का फैसला आया है। कोर्ट ने दो आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। केस में शासन की तरफ से पक्ष विशेष लोक अभियोजक आनंद नेमा ने रखा। 26 जुलाई 2020 को एमवाय अस्पताल में पुलिस को लक्की उर्फ अमन ने घटना की जानकारी दी। उसने बताया कि शाम करीब 6,30 बजे सोनू उसके घर मेन रोड ग्राम पंचायत के पीछे गुजरखेड़ा महू पर आया था। वह काम खत्म कर ऊपर छत पर बैठने चला गया। दोनों छत पर पीछे किनारे की तरफ बैठे थे। छत की ऊंचाई जमीन से करीब 20-22 फीट है। उसी समय छत पर किराएदार धन्नालाल, उसका साला मंगेश और अर्जुन आए और बैठकर शराब पीने लगे। तीनों को शराब पीने से मना किया तो आरोपी झगड़ा करने लगे। सोनू ने शराब पीने से मना किया तो आरोपी मंगेश बोला मेरी बहन का घर है। मैं तो यहां आऊंगा तू कौन होता है। इसके बाद मंगेश गाली देने लगा और सोनू को छत से नीचे धक्का दे दिया। सोनू नीचे आंगन में गिरा। मंगेश ने फरियादी लक्की को भी धक्का दिया, लेकिन वो बच गया। लक्की दौड़कर नीचे पहुंचा। सोनू का सिर हैंडपंप और जमीन से टकराकर फट गया था। काफी खून सिर से निकल रहा था। आसपास के लोगों की मदद से घायल सोनू को चोइथराम अस्पताल ले जाया गया, जहां से एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सोनू की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी मंगेश, धन्नालाल और अर्जुन के खिलाफ धारा 302, 307 सहित अन्य में केस दर्ज किया। आरोपी अर्जुन फरार है। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया, जिस पर से आरोपी मंगेश और धन्नालाल को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश निशीथ खरे ने उम्र कैद की सजा सुनाई है।

### बांग्लादेश में हिन्दू परिवारों के साथ हिंसा पर इंदौर के व्यापारियों ने जताया विरोध

**इंदौर।** बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद हिन्दू परिवारों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके साथ हिंसा भी हो रही है। इसके विरोध में शुक्रवार को इंदौर में प्रदर्शन हुए। हिन्द रक्षक संगठन के कार्यकर्ता रैली के रुप में निकले और लोधीपुरा क्षेत्र से निकले और राजवाड़ा तक पहुंचे। यहां कार्यकर्ता सड़क पर धरना देकर बैठ गए और हिन्दू परिवरों पर बंद करो अत्याचार के नारे लगाने लगे। इसके बाद हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। हिन्द रक्षक संगठन के संयोजक एकलव्य गौड़ ने कहा कि बांग्लादेश हमारा मित्र देश रहा है। वहां हिन्दू परिवारों पर अत्याचारों को रोकना चाहिए। सरकार को इसके लिए कड़े कदम उठाना चाहिए। राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों में व्यापारियों ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के विरोध में राजवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों के दुकानदारों ने दुकानें बंद रखी। राखी त्योहार को देखते हुए बर्तन बाजार की दुकानें जरुर खुली रही। व्यापारियों ने राजवाड़ा से संभागायुक्त कार्यालय तक रैली भी निकाली। अफसरों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर अत्याचार रोकने की मांग की गई। उधर इंदौर के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर हिन्दू परिवारों के साथ बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक की गई। वैसे ही बांग्लादेश के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक कर हिन्दू परिवारों को सुरक्षित भारत लाया जाना चाहिए।

### ऑनलाइन मूल्यांकन के लिए आंसरशीट होंगी स्कैन, टीचर्स को कंप्यूटर पर मिलेंगी कॉपियां

**इंदौर।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय अपनी बरसों पुरानी पारंपरिक मूल्यांकन की व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। अब परीक्षा में विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका को ऑनलाइन मूल्यांकन करने की तैयारी चल रही है। इसके तहत उत्तरपुस्तिकाओं को स्कैन कर शिक्षकों के पास जांचने के लिए भेजी जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को दिखाने के लिए भी उपलब्ध रहेगी। नई व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय और टीसीएस के बीच बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। कंपनी ने अपना प्रेजेंटेशन भी विश्वविद्यालय की कुलगुरु डॉ. रेणु जैन सहित वरिष्ठ अधिकारियों के सामने दिया है। फिलहाल कंपनी को इसके लिए सॉफ्टवेयर बनाना होगा, जो एमपी ऑनलाइन के साथ काम करेंगी। वहीं अधिकारियों और कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर की ट्रैनिंग दी जाएगी। ऑनलाइन मूल्यांकन को लेकर विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष की उत्तरपुस्तिकाओं से शुरू करने का फैसला लिया है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीसीए, बीबीए, एमबीए जैसे पाठ्यक्रम रखे गए है। तीन दिन पहले परीक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण का पहला चरण पूरा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिका को सबसे पहले स्कैन किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थियों की कॉपियों को पीडीएफ प्रारूप में तबदील करेंगे, जिसमें सिर्फ मूल्यांकनकर्ता को सॉफ्टवेयर में एडिट का ऑप्शन दिया जाएगा। उसके लिए भी सॉफ्टवेयर में लॉगिंन करना जरूरी है।

**कोलकाता के डॉक्टर हत्याकांड का इंदौर में विरोध, जूनियर डॉक्टरों ने काम किया बंद**

# डॉक्टर सड़क पर, भटक रहे मरीज

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। इंदौर में डॉक्टरों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। कोलाकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के विरोध में 13 अगस्त से यह हड़ताल शुरू हुई थी। इस हड़ताल की वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब इस हड़ताल को सपोर्ट करते हुए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के वरिष्ठ डॉक्टर्स भी शामिल हो गए हैं। इनमें कई सीनियर डॉक्टर, फैकल्टी सदस्य और मेडिकल ऑफिसर भी हैं। इन सभी डॉक्टरों ने शुक्रवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक ओपीडी का बहिष्कार किया। बता दें पूरे मध्यप्रदेश से लगभग 10,000 डॉक्टर इस हड़ताल में शामिल हुए हैं और इसका नेतृत्व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) कर रहा है। डॉक्टरों की हड़ताल की वजह से मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।



**कई घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा मरीजों को**

हड़ताल के दौरान मरीजों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है या निजी अस्पतालों में इलाज के लिए जाना पड़ा रहा है। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि वे अपने मरीजों की सेवा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें सुरक्षा की गारंटी दी जानी चाहिए। इसके अलावा कोलकाता के आरोपी को सख्त सजा दी जानी चाहिए। डॉक्टरों ने सरकार से मांग की है कि वो डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए और दोषी को फांसी की सजा दिलाए।

**मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम दिया ज्ञापन**

मध्यप्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने एमजीएम के डीन को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें कई मांगें रखी गई हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वे भी इंसान हैं और उनकी सुरक्षा की गारंटी होनी चाहिए। वे सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। वहीं बीते दो दिनों से भोपाल के एम्स अस्पताल में जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर हैं, जबकि गुरुवार रात 12 बजे से हमीदिया हॉस्पिटल के जूनियर डॉक्टरों ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। हमीदिया हॉस्पिटल में करीब 250 जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने की वजह से हमीदिया प्रबंधन भी अलर्ट मोड पर आ गया है।

**मप्र के कई जिलों में प्रदर्शन, हाईकोर्ट पहुंचा मामला**

भोपाल में एम्स के बाद हमीदिया अस्पताल के 250 से ज्यादा जूनियर डॉक्टर्स ने भी गुरुवार रात 12 बजे से काम बंद कर दिया है। इंदौर में भी जूनियर डॉक्टर्स केवल इमरजेंसी केस ही देख रहे हैं।

वहीं जबलपुर, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, रतलाम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डॉक्टर हड़ताल के समर्थन में बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जता रहे हैं। हड़ताल की वजह से ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत बिगड़ने लगी है। इलाज के लिए मरीजों की लाइनें लग रही हैं।

पैथोलॉजी टेस्ट नहीं हो पा रहे हैं। परिजन भी परेशान हो रहे हैं। भोपाल में हड़ताल से निपटने गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने सभी डॉक्टर्स की छुट्टियां निरस्त कर दी हैं। 24 घंटे ड्यूटी पर रहने के आदेश भी जारी किए हैं। साथ ही मेडिकल टीचर्स को इमरजेंसी, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, वार्ड में तैनात करने के निर्देश सभी डिपार्टमेंट के प्रमुखों को दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर मेडिकल इंटर्न को भी तैनात करने के लिए कहा गया है।

सभी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर्स से इस पर अमल की रिपोर्ट भी मांगी है। इधर, डॉक्टरों की हड़ताल का मामला जबलपुर हाईकोर्ट पहुंच गया. जनहित याचिका में डॉक्टरों की हड़ताल को गलत बताया गया है।

**डॉक्टरों की प्रमुख मांगें**

-अगले 48 घंटों में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी।
-कॉलेज के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और इस्तीफे की मांग।
-घटनास्थल को सील करने का आदेश।
-मृत डॉक्टर के परिवार को मुआवजा।
-सभी मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा बढ़ाने की मांग।
-कोलकाता पुलिस द्वारा डॉक्टरों पर हमले के लिए सार्वजनिक माफी।
-डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## बाइक सवार बदमाशों ने बैंक कर्मी को लूटा शराब की बोतल से कार का कांच फोड़ा

**सिटी चीफ इंदौर।**

**इंदौर।** वीक एंड पर दोस्तों के साथ खाना खाने गए बैंककर्मी को बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिया। बदमाशों ने शराब की बोतल से कार के कांच भी फोड़ दिए। उसके दोस्त और साथ में आई युवती के साथ अभद्रता की और कार छीनने का प्रयास किया। शिप्रा पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध लूट की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। घटना रविवार रात मांगलिया क्षेत्र की है अवधूत सागर अपार्टमेंट निवासी रुपानंदन गुर्जर दोस्त अभीजीत और अंजली के साथ रात तीन बजे देहाती ढाबे पर खाना खाने गया था। करीब पौने चार बजे तीनों खाना खाकर निकले और रुपानंदन कार रोक कर जरूरी काम से उतर गया। अभीजीत और अंजली कार में ही बैठे हुए थे। दो बाइक पर आए छह बदमाशों ने रुपानंदन को घेर लिया। उसको दो बदमाशों ने पकड़ा और गाली देते कहा इतनी रात में कहां घूम रहा है। आरोपितों ने दो अंगूठियां छीन ली। आरोपितों के पास चाकू भी था। एक आरोपित कार में चालक की सीट पर बैठ गया। अंजली और अभीजीत को धमका कर बाहर निकाल दिया। आरोपितों ने धमकाया और कार स्टार्ट कर ले जाने की कोशिश की। आरोपित बाहर निकला और रुपानंदन को चांटे मारे। फरियादी घबराते हुए लसूड़िया थाने गया लेकिन घटना स्थल शिप्रा का होने से रवाना कर दिया। बुधवार को शिप्रा पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।



## आइडिया वोडाफोन का नेटवर्क चुराने वाले दो इंजीनियर बिहार से गिरफ्तार

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर। टेलीकॉम कंपनी आइडिया वोडाफोन में 10 करोड़ से यादा की चोरी का मामला सामने आया है।अपराध शाखा ने दो इंजीनियर को बिहार से पकड़ लिया है।आरोपित प्रदेश के 115 स्थानों से 3जी 4जी नेटवर्क के उपकरण चुरा चुके है। पुलिस आतंकी और नक्सली गतिविधियों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।चोरी सामान नेपाल और चाइना तक सप्लाई होता है। पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता को कंपनी के जनरल मैनेजर अंबरीश तिवारी ने शिकायत दर्ज करवाई थी। कंपनी ने डिजायर नेटवर्क एंड सॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अमरोली सायन रोड सूरत (गुजरात) को ठेका दिया था।कंपनी ने उप ठेकेदारों को काम का जिम्मा सौंपा गया।ठेकेदारों को नेटवर्क अपडेट करना था। उन्होंने पुराने उपकरण (टावर,पैनल,केबल, ब्रॉडबैंड) हटाए और नए उपकरण लगा दिए लेकिन पुराने उपकरणों को गोदाम में जमा न करवाते हुए ट्रांसपोर्ट के माध्यम से प्रदेश से बाहर भिजवा दिए।तिवारी ने आयुक्त को बताया कि कंपनी का बिचौली मर्दाना में गोदाम है। सारे उपकरण गोदाम में ही जमा करवाने थे। चोरी सामग्री 3जी और 4जी नेटवर्क से संबंधित 3 जी आरआरयू, एसएफपी, आरआरयू कनेक्टर,जंपर,फीडर केबल,6 के आइडी कैबिनेट है उसकी करीब 10 करोड़ से अधीक कीमत है। पुलिस ने गोपनीय जांच की और एडिशनल डीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया की टीम ने शुक्रवार को दो आरोपित संजीव कुमार व सचिन को पटना से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित इलेक्ट्रानिक इंजीनियर है। दिल्ली के उस्मान का नाम कबूला है।अधिकारी के मुताबिक चोरी उपकरणों से नेटवर्क स्थापित किया जा सकता है।

## बांग्लादेश ने जिस थाली में खाया उसी में छेद किया, व्यापारियों ने निकाली विरोध रैली

**सिटी चीफ इंदौर।**

बांग्लादेश को जन्म हिंदुस्तान ने दिया और वहां की जनता को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य से लेकर हर तरह का संरक्षण भी दिया। वहां की अवाम अहसान फरामोश हो सकती है ये सोचा भी नहीं जा सकता। जो हिंदुओं पर अत्याचार कर रही है। बांग्लादेश ने जिस थाली में खाया उसी में छेद किया। अहिल्या चेंबर आफ कॉमर्स के बेनर तले व्यापारियों ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि बांग्लादेश के खिलाफ कठोर कार्रवाई भारत सरकार को करना चाहिए।

**100 व्यापारी संगठनों ने कही ये बात**

शहर के करीब 100 व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी और व्यापारी राजबाड़ा से रैली की शक्ल में संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे। अपने हाथों में तख्तियां थामे ये कारोबारी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का विरोध कर रहे थे। रैली में सियागंज, क्लॉथ मार्केट, सीतलामाता बाजार, मारोठिया बाजार, पीपली बाजार, नलिया बाखल, बजाजखाना, मल्हारगंज, नई बागड़, छावनी, दूध व्यापारी संघ, अनाज व्यापारी संघ, टाइल्स स्टोन व्यापारी, सेनेट्री एसोसिएशन, प्लायवुड एसोसिएशन, सोना-चांदी व्यापारी एसोसिएशन, रेडीमेड गारमेंट व्यापारी और ट्रांसपोर्ट व्यापारी समेत अनाज मंडियों के कारोबारी भी शामिल हुए। तमाम व्यापारी संगठनों ने दोपहर एक बजे तक अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद भी रखे। धर्म नफरत नहीं प्रेम होता है लिखी हुई तख्तियां भी थाम रखी थी। रैली का नेतृत्व अहिल्या चेंबर के अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल ने किया।

## शराब पीने से रोका तो धक्का देकर छत से गिरा कर की थी हत्या

### कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

**सिटी चीफ इंदौर।**

शराब पीने से रोका तो हत्यारे ने रोकने वाले को धक्का देकर छत से गिरा दिया। उसकी मृत्यु हो गई। न्यायालय ने हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला 26 जुलाई 2020 की है। फरियादी लक्की उर्फ अमन ने पुलिस में शिकायत की थी कि शाम करीब साढ़े आठ बजे मैं सोनू नामक व्यक्ति के साथ छत पर बैठा था। उसी समय किरायेदार धन्नालाल अपने साले मंगेश और अर्जुन के साथ वहां आया और तीनों शराब पीने लगे। हमने उन्हें ऐसा करने से रोका तो वे झगड़ने लगे। आरोपित मंगेश ने सोनू को जान से मारने की नीयत से दोनों हाथ से धक्का दे दिया। वह आंगन में जमीन पर गिर गया। वे लोग दौड़कर नीचे पहुंचे तो देखा कि सोनू का सिर हैंडपंप व जमीन से टकराकर फट गया था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय ने प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए हत्यारे मंगेश मकवाना, धन्नालाल गोयल दोनों निवासी महू को आजीवन कारावास और तीन-तीन हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। एक आरोपित अर्जुन के फरार होने से उसके विरुद्ध मामला विचाराधीन है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक आनंद नेमा ने की।

## अहिल्या पथ की पांच स्कीमों के नक्शों पर रोक, छह माह पुराने नक्शे भी होंगे कैंसल

**सिटी चीफ इंदौर।**

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के संचालक मंडल की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें अहिल्या पथ और उसके आसपास विकसित होने वाली पांच स्कीमों के प्रस्ताव को धारा 50(1) में संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग भोपाल और राज्य शासन को भेजने की अनुमति दी गई। उक्त योजनाओं में किसी भी प्रकार के नक्शे पास नहीं होंगे।

इसके अलावा स्कीमों में विगत छह माह में नगर तथा ग्राम निवेश से जो नक्शे मंजूर हो गए हैं, लेकिन इंदौर नगर निगम से विकास अनुमति जारी नहीं हुई है, तो वे नक्शे भी निरस्त होंगे। उज्जैन रोड से धार रोड को जोड़ने वाली अहिल्या पथ सड़क का निर्माण आईडीए द्वारा सिंहस्थ से पहले किया जाएगा। इसके आसपास आईडीए द्वारा एपी-1 से लेकर एपी-5 स्कीम विकसित की जाएगी।



**नगर निगम से विकास अनुमति प्राप्त करना जरूरी**

इन स्कीमों की जमीन पर किसी भी तरह के नक्शे पास नहीं किए जाएंगे। सात जुलाई से पहले छह माह में यदि टीएनसीपी से नक्शे पास हो गए हैं और नगर निगम से विकास अनुमति प्राप्त नहीं की है, तो उन नक्शों को भी निरस्त कराया जाएगा। आईडीए के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आरपी अहिरवार का कहना है कि स्कीम के प्रस्ताव को बोर्ड की सहमति के बाद शासन को भेजा जाएगा।

**मोरोद मंडी के लिए नियुक्त होगा कंसल्टेंट**

बोर्ड बैठक में मोरोद गांव में खसरा नंबर 372/1 क्षेत्रफल 125.221 हेक्टेयर भूमि पर मंडी एवं ट्रांसपोर्ट नगर प्रस्तावित है। इसकी कार्रवाई के लिए कंसल्टेंट का चयन, भूपरिवर्तन आदि करने का निर्णय लिया गया।

**कान्ह नदी किनारे का होगा विकास**

संचालक मंडल द्वारा कान्ह एवं सरस्वती नदी के किनारों के विकास का निर्णय भी लिया गया है। विकास की डीपीआर बनाने के लिए कंसल्टेंट की सेवाएं भी ली जाएंगी।

**ये निर्णय भी हुए**

पांच कपड़ा मिलों की गणेश उत्सव समितियों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी।

अहिल्योत्सव वर्ष 2024 के अंतर्गत पुण्यतिथि समारोह के लिए आठ लाख रुपये की स्वीकृति।

आईडीए तुलसीदास राम मंदिर का जीर्णोद्धार करेगा और इसके लिए कोई सुपरविजन चार्ज नहीं लेगा।

आवासीय वाणिज्यिक कांप्लेक्स के लिए 120 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

# प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर ही होगा ट्रांसफर

## कैबिनेट में पास होगी तबादला नीति

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। प्रदेश में पिछले डेढ़ साल तबादलों पर लगी रोक मोहन सरकार हटाने जा रही है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला नीति तैयार कर ली गई है और विभागीय मंत्री से इसका अनुमोदन भी हो गया है। अब जल्द ही कैबिनेट में प्रस्तुत की जाएगी। इसके अनुरूप ही मध्य प्रदेश में तबादले किए जाएंगे।

इसके पहले राज्य सरकार ने मोहन कैबिनेट के मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंप दिया है और प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर ही तबादले किए जाएंगे। इसके लिए सरकार के प्राथमिकता वाले जिलों का प्रभार वरिष्ठ मंत्रियों को दिया गया है। 2022 में तबादलों से रोक हटी थी। वर्ष 2023 में विधानसभा चुनाव और इसके बाद लोकसभा चुनाव के चलते तबादले से रोक नहीं हटाई गई। तब से लेकर अब तक केवल मुख्यमंत्री समन्वय से ही तबादले हो रहे हैं। अब दोनों ही चुनाव संपन्न हो चुके हैं, ऐसे में सरकार कर्मचारियों के हितों को ध्यान में



रखते हुए तबादले से रोक हटाने जा रही है और नई तबादला नीति के तहत तबादले किए जाएंगे। एक जिले से दूसरे जिले के अंदर तबादले के लिए प्रभारी मंत्री की अनुशंसा अनिवार्य होगी। एक निश्चित अवधि में प्रशासनिक और स्वैच्छिक आधार पर तबादले होंगे, लेकिन किसी भी संवर्ग में 20 प्रतिशत से अधिक तबादले नहीं किए जा सकेंगे।

### छह माह पहले लगाया था केस, कोर्ट ने दिए जांच के निर्देश

# विधायक मसूद को भारी पड़ सकती है पीएम के खिलाफ टिप्पणी

**सिटी चीफ भोपाल।**
राजधानी भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की मुश्किलें बढ़ सकती है। दरअसल आरिफ मसूद द्वारा सन 2016 में इकबाल मैदान में आल इण्डिया मिल्ली कौंसिल के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द कहे जाने की बात सामने आई है। इसे लेकर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शमशुल हसन ने भोपाल कोर्ट में दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए तलैया थाने को निर्देशित किया है कि मामले की जांच की जाए और कार्यक्रम की सीडी कोर्ट के सामने पेश की जाए।

दरअसल पुलिस ने कहा था कि मामला काफी पुराना है, इसका रिकॉर्ड अब उपलब्ध नहीं है नस्तीकरण में चला गया। इसके बाद याचिका कर्ताओं ने खुद पेन ड्राई पेश करने की बात कही जिसके बाद शुक्रवार को भोपाल कोर्ट ने पुलिस को निर्देशित किया है कि मामले की जांच की



जाए। इस केस को लीड कर रहे एडवोकेट मेहमान सिंह ने बताया कि 6 महीने पहले यह केस लगाया गया था, कोर्ट ने आज सुनवाई करते हुए तलैया थाने पुलिस को पेन ड्राइव की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही पेन ड्राइव की जांच के साथ आगे के प्रतिवेदन की बात कही है। वकीलों का कहना है कि पेन ड्राइव की जांच के बाद विधायक आरिफ मसूद पर बड़ी कार्रवाई की जा सकती है।

# भोपाल में कबाड़ी ने खाया जहर पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**सिटी चीफ भोपाल।**
शाहपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक कबाड़ी ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। स्वजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। समय पर इलाज मिलने से कबाड़ी की जान बच गई। कबाड़ी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जहर खाने पहले कबाड़ी ने सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें उसने पुलिस पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया और कहा कि उसे झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। उधर, पुलिस का कहना है कि कबाड़ी ने चोरी का नाग लिया था।

**यह है मामला**
जानकारी के अनुसार राजकुमार नाम का व्यक्ति कबाड़े का कारोबार करता है। उसने लिखे सुसाइड नोट में आरोप लगाए हैं कि शाहपुरा पुलिस ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया है। साथ ही उसे



झूठे मामले में फंसाया और छोड़ने के बदले में 40 हजार रुपये भी लिए हैं।

**बेटे ने भी लगाए आरोप**
वहीं कबाड़ी के बेटे ने भी आरोप लगाए हैं कि पुलिस ने उसके पिता को फोन लगाया था। पुलिस ने झूठा आरोप लगाया है। शुक्रवार शाम को पापा घर आए। टेंशन में बैठे थे। तभी अचानक उन्हें उल्टियां होने लगीं। जब हमने पूछा तो पापा ने जहर खाने की बात बताई।

इसके बाद हम उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनका आईसीयू में इलाज चल रहा है।

# आरएसएस का फर्जी लेटर बनाकर मंत्रालय से कार और खुद का पास बनवाने की कोशिश, प्रकरण दर्ज

**सिटी चीफ भोपाल।**
राजधानी की शाहपुरा पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ जालसाजी की धाराओं में एफआइआर दर्ज की है। आरोपित ने वल्लभ भवन (मंत्रालय) में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के फर्जी लेटरहेड पर पत्र बनाकर खुद को एक सामाजिक संगठन का राष्ट्रीय प्रवक्ता बताया और पास बनवाने की कोशिश की। जब मंत्रालय ने अपने स्तर पर उसकी जानकारी जुटाई तो इस फर्जीवाड़े का पता चला। इस पर शाहपुरा पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।




**यह है मामला**
शाहपुरा थाने के एसआई उपेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी सूरज खरे ने शिकायती आवेदन दिया था कि कृष्णकांत दत्त ने वल्लभ भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक फर्जी लेटर पेश किया और उस पर सूफी संत मलंग नाम के एक सामाजिक संगठन के नाम से एक पत्र बनाकर भेजा था। उसमें उसने खुद को राष्ट्रीय प्रक्क्ता बताकर अपने वाहन और खुद के लिए पास बनवाने की बात कही थी। मंत्रालय की ओर से इसकी जानकारी जुटाई गई तो वह पत्र फर्जी निकला। इस पर भाजपा संगठन को इसकी जानकारी भेजी गई। उन्होंने पता लगाया कि लेटरहेड फर्जी है और संघ इस तरह से यह पत्र नहीं लिखता है। इस तरह से आरोपित ने संघ को बदनाम करने की कोशिश की। शिकायत के बाद आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# सुबह की सैर पर निकले बुजुर्ग का बड़े तालाब में मिला शव

### हादसा या खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस



**सिटी चीफ भोपाल।**
कोहेफिजा थाना पुलिस ने गुरुवार दोपहर खानूगांव क्षेत्र में बड़े तालाब से एक बुजुर्ग का शव बरामद किया है। वह रोजाना की तरफ सुबह साढ़े पांच बजे घर से टहलने के लिए निकले थे। उसके बाद घर नहीं लौटे थे। खोजबीन करने के बाद स्वजन ने थाने में बुजुर्ग की गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद छानबीन शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद बुजुर्ग का शव स्वजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक लालघाटी क्षेत्र में रहने वाले 69 वर्षीय वासुदेव मंगरानी राज्य मंत्रालय से सेवानिवृत्त हुए थे। रोजाना की तरह वह गुरुवार सुबह साढ़े पांच बजे टहलने के लिए निकले थे। वह कीपैड वाला मोबाइल फोन रखते थे। सुबह नौ बजे तक वह घर वापस नहीं लौटे तो उनके छोटे बेटे विजय ने उन्हें फोन लगाया।

**थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी**
फोन नहीं लगने पर चिंतित स्वजन ने पहले अपने स्तर पर उनकी तलाश की। उसके बाद बेटे विजय ने कोहेफिजा थाने में पिता की गुमशुदगी दर्ज करा दी। उधर दोपहर लगभग दो बजे खानूगांव में बड़े तालाब में किसी बुजुर्ग व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना मिली। शव को तालाब से बाहर निकाला गया। विजय ने मृतक की पहचान अपने पिता के रूप में की। शव की तलाशी के दौरान कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि बुजुर्ग ने खुदकुशी की है, या फिर वह हादसे का शिकार हो गए थे।

# मंदिर के बाहर खड़ी पुलिस आरक्षक की बाइक में लगाई आग, प्रकरण दर्ज

**सिटी चीफ भोपाल।**
शहर के कमला नगर इलाके में बदमाशों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि पुलिस से भी नहीं डर रहे हैं। गुरुवार को ऐसे ही एक बदमाश ने पुलिस आरक्षक की बाइक को आग लगाकर खाक कर दिया। आरक्षक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने बदमाश को मंदिर के पास पेशाब करने से रोक दिया था। घटना का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है। आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरक्षक धर्मेंद्र शर्मा अरेरा हिल्स थाने में



तैनात हैं। वह गुरुवार शाम को अपनी बाइक लेकर नवगृह मंदिर के दर्शन करने कमला नगर गए थे, जहां उन्होंने मंदिर के बाहर बाइक खड़ी कर दी थी। तभी उन्होंने देखा कि कमला नगर क्षेत्र का बदमाश सोनू मेहर पेशाब कर रहा था, उन्होंने उसे ऐसा करने से मना किया तो वह गाली-गलौच करने लगा।

बाद में वह मंदिर में अंदर चले गए। वापस आकर देखा तो उनकी बाइक आग की लपटों से घिरी धू-धू कर जल रही थी। आसपास के लोगों ने आग पर काबू करने की कोशिश की, लेकिन तब तक बाइक जलकर खाक हो गई। बाद में आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# ज्वेलरी शॉप में बंदूक की नोंक पर लूट का पर्दाफाश

### जीजा-साले ने मिलकर की थी वारदात, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिटी चीफ भोपाल।**
बागसेवनिया इलाके में हेलमेट पहनकर ज्वेलरी शॉप में घुसे दो बदमाशों द्वारा बंदूक की नोंक पर की गई लूट के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मंगलवार देर रात हुई इस वारदात को जीजा-साले की जोड़ी ने मिलकर अंजाम दिया था, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों ने दुकानदार को नकली पिस्टल दिखाकर डराया और सोने-चांदी के गहने व कैश लूटकर फरार हो गए थे। लूट की ये वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। आरोपित दुकान में करीब करीब 7 मिनट तक रहे थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपित मूलत- रायसेन जिले के रहने वाले हैं। हालांकि वह लंबे समय से भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में किराये से रह रहे थे। वारदात स्थल से महज 400 मीटर की दूरी पर ही एक किराये के मकान में उन्होंने अपना ठिकाना बना रखा था। पुलिस ने उन्हें मकान से ही दबोचा है।

**ऐसे की थी वारदात**
गौरतलब है कि रचना नगर के रहने वाले मनोज चौहान की बागसेवनिया इलाके के कृष्णा आर्केड में एसएस ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। मंगलवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर घर जाने की तैयारी में थे। इसी दौरान दोनों बदमाश उनकी दुकान में घुसे। मनोज के सीने पर पिस्टल अड़ाकर कहा- जो भी नकदी है, वह निकाल दो। उन्होंने मनोज चौहान से झूमाझटकी की। उनकी सोने के जेवर की अलमारी में चाबी लगी थी। आरोपित उसमें से जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और दुकानदार के बयानों के आधार पर लुटेरों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने आरोपितों पर 30 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था।

# राजधानी भोपाल में चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंगप्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस: मेपकास्ट द्वारा कार्यक्रमों का आगाज

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल के सरकारी स्कूल के बच्चों ने अजब-गजब कारनामे करके लोगों को हैरत में डाल दिया। छोटे छोटे बच्चों ने कहीं रॉकेट लॉन्च किया तो कहीं पर चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग करा दी। यह सब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर किया गया। दरअसल, इस बार मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मैपकास्ट) अंतरिक्ष दिवस के मौके पर अलग-अलग जगह पर कई कार्यक्रमो की श्रृंखला चल रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति आकर्षण और रोचकता पैदा की गई। शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक चूनाभट्टी विद्यालय एवं सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय में मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद एवं जल संसाधन विभाग के सहयोग से भारतीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। शासकीय स्कूल के बच्चों ने रॉकेट लांच और चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग कर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया।



इस कार्यक्रम में सबसे पहले चरण शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक चूनाभट्टी विद्यालय में उद्घाटन सत्र में अतिथि के रूप में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेन्डे द्वारा भारतीय चंद्रयान 3 कार्यक्रम के महत्व और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में बताया गया कि किस प्रकार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सफलतापूर्वक इस वैश्विक उपलब्धि को प्राप्त किया। इसके बाद विशेषज्ञ के रूप में शैलेंद्र कसेरा ने बच्चों को सॉफ्ट लैंडिंग में आने वाली समस्याओं को प्रयोगात्मक रूप से समझने के लिए चंद्रयान सॉफ्ट लैंडिंग प्रतियोगिता करवाई जिसमें स्कूल के द्वारा चंद्रयान का लैंडर मॉडल डिजाइन कर आसपास के सामान्य घरेलू वस्तुओं से बनाया गया और सभी चंद्रयान लैंडर मॉडलों के सॉफ्ट लैंडिंग की प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्राओं द्वारा डिजाइन कर बनाए गए लैंडर ने सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके साथ ही भारत की अंतरिक्ष की गौरव गाथा जैसे विषय पर पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वाटर रॉकेट की लांचिंग था, जिसमें बच्चों द्वारा वाटर बोतल से रॉकेट बनाए गए जिस से बच्चों को खुद करके मॉडल रॉकेटरी को निकटता से समझने का मौका मिला। इस कार्यक्रम का समन्वयन ममता शर्मा के निर्देशन में रश्मि नायक द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान में भारत की विकास यात्रा को प्रयोगात्मक रूप से समझने का अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों सहित अनिता धोते, नीता पटेल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं इस अंतरिक्ष विज्ञान के रोचक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में परिषद के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ सुनील गर्ग भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें लगभग 200 छात्राओं ने भाग लिया। निबंध के माध्यम से छात्राओं ने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के बढ़ते कदम पर अपनी बात रखी।कार्यक्रमों का समन्वयन डॉ कुसुम माथुर ने किया। इस अवसर पर परिषद् के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेन्डे द्वारा भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के सन्दर्भ में व्याख्यान दिया गया।

## सम्पादकीय

# हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट पर कोई कैसे विश्वास करे?

**अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च और भारत के दिग्गज कारोबारी घराने अडानी समूह के बीच अदावत पिछले करीब डेढ़ साल से चल रही है। इस जंग ने हाल ही में तब नया मोड़ लिया, जब हिंडनबर्ग ने हितों के टकराव के मुद्दे पर कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी की चीफ माधवी पुरी बुच को भी लपेटे में ले लिया। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने उस ऑफशोर फंड में निवेश किया था, जिसका इस्तेमाल अडानी ग्रुप कथित तौर पर शेयर मार्केट में हेरफेर के लिए कर रहा था।**

अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च और भारत के दिग्गज कारोबारी घराने अडानी समूह के बीच अदावत पिछले करीब डेढ़ साल से चल रही है। इस जंग ने हाल ही में तब नया मोड़ लिया, जब हिंडनबर्ग ने हितों के टकराव के मुद्दे पर कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी की चीफ माधवी पुरी बुच को भी लपेटे में ले लिया। हिंडनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया कि सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने उस ऑफशोर फंड में निवेश किया था, जिसका इस्तेमाल अडानी ग्रुप कथित तौर पर शेयर मार्केट में हेरफेर के लिए कर रहा था। व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया कि बुच दंपती ने 2015 में एक में निवेश किया और 2018 में बाहर निकल गए। हिंडनबर्ग दरअसल बुच दंपती के निवेश और अडानी ग्रुप के ऑफशोर फंड के कथित तौर पर सुस्त जांच से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। देखा जाए हिंडनबर्ग रिसर्च कोई प्रामाणिक, वेद-पुराण सरीखी कंपनी नहीं है कि जिस पर भारत आंख मूंद कर विश्वास कर सके। उसके अपने हित और मुनाफे हैं, जिनके लिए वह किसी भी औद्योगिक समूह अथवा संवैधानिक हस्ती को निशाना बनाती रही है। हिंडनबर्ग की अपनी विश्वसनीयता पर अमरीका में ही सवाल हैं, उसके खिलाफ जांच जारी है, लेकिन हमारी सियासत ऐसी है मानो हिंडनबर्ग की रपट के जरिए कोई रहस्य खुल गया हो। हिंडनबर्ग की भारत में पहली रपट करीब 18 माह पूर्व सार्वजनिक हुई थी। उसमें अडानी समूह निशाने पर था। उसकी कंपनियों में शेयरों की हेराफेरी और धनशोधन सरीखे सवालों के जरिये आरोप लगाए गए थे। रपट का असर ऐसा हुआ कि अडानी की संपत्ति 120 अरब डॉलर से घटकर 39.9 अरब डॉलर तक लुढक आई थी। समूह के शेयर औंधे मुंह गिरे थे। तब समूह के चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर उद्योगपति थे और एशिया में वे नंबर वन पर थे। बहुत नुकसान हुआ था, लेकिन समूह को कलंकित नहीं किया जा सका। मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा और सेबी की जांच को उचित माना गया। अदालत ने कहा कि सीबीआई या एसआईटी जांच की जरूरत नहीं है, प्रतिभूति और बाजार की नियामक सेबी ही सक्षम एजेंसी है। बहरहाल हिंडनबर्ग ने एक बार फिर अपनी रपट जारी की है। उसमें अडानी समूह के साथ-साथ सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को भी निशाने पर लिया है। आरोप सही हैं या पूर्वाग्रही हैं, सेबी प्रमुख और उनके पति का स्पष्टीकरण कितना प्रामाणिक है, हम उन पर टिप्पणी नहीं कर सकते, क्योंकि यथार्थ हमारे सामने नहीं है। हम उनके निवेश को भी नहीं जानते, लेकिन कुछ भी जाने बिना ही कांग्रेस ने इसे महाघोटाला करार दे दिया है और संयुक्त संसदीय कमेटी (जेपीसी) की जांच की मांग की है। विपक्ष के नेता कहने लगे हैं कि सेबी की भी जांच की जाए।

# राज्य मनमानी नहीं कर सकते हमने अपनाया है विधायी शक्तियों के पृथक्करण का सिद्धांत

भारत के राजनीतिक स्वरूप की विशिष्टता इसकी एकात्मक संघीय प्रकृति है, जिसे आचार्य दुर्गा दास बसु ने 'चरित्र में परिसंघीय और आत्मा में एकात्मक' के रूप में वर्णित किया है। उचतम न्यायालय ने राजस्थान राय बनाम भारत संघ, 1977 मामले में ग्रैनविले ऑस्टिन का हवाला दिया है, जिन्होंने लिखा है कि भारतीय?संविधान शायद पहला ऐसा संविधान है, जिसने शुरू से ही एएच बर्च द्वारा संकल्पित 'सहकारी संघवाद की संकल्पना को अपनाया है। यानी संघ और राय तथा राय और राय परस्पर सहयोग और समन्वय से कार्य करेंगे, ताकि संविधान द्वारा निर्धारित कल्याण के साझा लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। न्यायालय ने माना है कि संविधान ने एक ऐसी केंद्र सरकार की संकल्पना की है, जो इस अर्थ में 'उभयचर' है कि वह परिस्थितियों की आवश्यकताओं के अनुसार संघीय या एकात्मक तल पर कार्य कर सकती है। एसआर बोम्मई बनाम भारत संघ, 1994 मामले में शीर्ष न्यायालय ने भारत के संघवाद को 'व्यावहारिक संघवाद' कहा है, जिसमें संघ और रायों के बीच विधायी शक्तियों का वितरण तो हुआ है, पर इसका झुकाव संघ की ओर है। हरियाणा बनाम पंजाब राय, 2004 मामले में 'अर्ध-संघीय' शब्द का प्रयोग किया गया था, जबकि शमशेर सिंह बनाम पंजाब राय, 1974 मामले में न्यायालय ने इसे 'परिसंघीय से अधिक एकात्मक' कहा था। शीर्ष न्यायालय के इन विचारों से स्पष्ट होता है कि भारत की राजनीतिक संरचना को विषम परिसंघ कहा जाना सही है, जहां विधायी शक्तियों का वितरण दो अलग-अलग स्तरों पर काम करने वाली स्वायत्त सरकारों की जरूरतों के अनुसार किया गया है, हालांकि दोनों में से किसी को भी कमजोर या मजबूत नहीं बनाया गया है। इसे ही हम शक्तियों का न्यायसंगत वितरण कहते हैं। हाल ही में, भारत के प्रधान न्यायाधीश ने मिनरल एरिया डेवलपमेंट बनाम मेसर्स स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, 2024 मामले में कहा कि, भारतीय परिसंघ को विषम परिसंघ के रूप में परिभाषित किया जाता है, क्योंकि इसका झुकाव केंद्र की ओर है, जिसका उद्देश्य एक मजबूत केंद्र सरकार का गठन है। पर रायों को उनके अधिकार क्षेत्र के भीतर कानून बनाने की संप्रभु शक्तियां दी गई हैं। परिसंघीय ढांचे में प्रत्येक इकाई को एक निश्चित सीमा तक स्वतंत्रता के साथ अपने मूल सांविधानिक कार्यों को करने में सक्षम होना चाहिए। संविधान की व्याख्या इस तरह होनी चाहिए कि परिसंघीय चरित्र कमजोर न हो। न्यायालय को सुनिश्चित करना चाहिए कि राय विधानसभाएं अपने आरक्षित क्षेत्रों में संघ के अधीन न हों। संविधान के अनुछेद एक के तहत, भारत को रायों के एक संघ के रूप में स्थापित किया गया है, जहां रायों के निर्माण का अधिकार संघ का है और राय भारत के आवश्यक भाग हैं। अनुछेद 245 कानून बनाने के लिए भारत के रायक्षेत्र का वर्गीकरण करता है और संघ व रायों द्वारा बनाए गए कानूनों की प्रयोयता की सीमा का प्रावधान करता है। इसके अलावा, अनुछेद 246 संघ और रायों के बीच कानून बनाने के लिए विषयों का बंटवारा करता है, फिर भी संसद को अवशिष्ट शक्तियों के तहत उन विषयों पर कानून बनाने की शक्ति प्राप्त है, जिनका उल्लेख संविधान में नहीं है और जो नए उभरने वाले विषय हैं। यही परिसंघीय ढांचे को विषम परिसंघ बनाता है। इसी प्रकार, वित्तीय शक्तियां भी संघ में निहित हैं, जिसके लिए अनुछेद 109 का खंड (1) उल्लेखनीय है, जो यह प्रावधान करता है कि धन विधेयक रायसभा में पेश नहीं किया जाएगा। विषम परिसंघ के ये प्रावधान भारत को एक कार्यात्मक परिसंघ भी बनाते हैं, जिसमें वित्तीय और नए उभरने वाले विषयों की शक्तियां रायों में निहित नहीं होती हैं। सातवीं अनुसूची में तीन सूचियों में विभिन्न विषयों को शामिल किया गया है, हालांकि, संघ सूची के कुछ विषयों को राय के विषयों पर वरीयता दी गई है, फिर भी यह परिसंघ को कमजोर नहीं बनाता है।

# अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं पीएम मोदी

**किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार आलाकमान सरीखा नहीं है। तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कुछ तो खास है कि वे अपने विरोधियों के निशाने पर ही रहते हैं। इसका खास कारण है कि वे अपनी विचारधारा को लेकर स्पष्ट हैं और लीपापोती, समझौते की राजनीति उन्हें नहीं आती। राष्ट्रहित में वे किसी के साथ भी चल सकते हैं, समन्वय बना सकते हैं, किंतु विचारधारा से समझौता उन्हें स्वीकार नहीं है। उनकी वैचारिकी भारतबोध, हिंदुत्व के समावेशी विचारों और भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की अवधारणा से प्रेरित है। यह गजब है कि पार्टी के भीतर अपने आलोचकों पर भी उन्होंने कभी अनुशासन की गाज नहीं गिरने दी,यह अलग बात है कि उनके आलोचक राजनेता ऊबकर पार्टी छोड़ चले जाएं। उन्हें विरोधियों को नजरंदाज करने और आलोचनाओं पर ध्यान न देने में महारथ हासिल है। इसके उलट पार्टी से नाराज होकर गए अनेक लोगों को दल में वापस लाकर उन्हें सम्मान देने के अनेक उदाहरणों से मोदी चकित भी करते हैं। किसी व्यक्ति की लोकतांत्रिकता उसकी अपने दल के साथियों से किए जा रहे व्यवहार से आंकी जाती है। मोदी यहां चौंकाते हुए नजर आते हैं। वे दल के सर्वोच्च नेता हैं किंतु उनका व्यवहार आलाकमान सरीखा नहीं है। तटस्थ विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद आजतक उनकी आलोचना करने वाले अपने किसी साथी के विरूद्ध उन्होंने कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं होने दी। कल्पना करें कि किसी अन्य दल में अपने आलाकमान या सर्वोच्च नेता की आलोचना करने वाला व्यक्ति कितनी देर तक अपनी पार्टी में रह सकता है। नरेंद्र मोदी यहां भी रिकार्ड बनाते हैं। जबकि भाजपा में अनुशासन को लेकर कड़ी कारवाईयां होती रही हैं। भाजपा और जनसंघ के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलराज मधोक से लेकर कल्याण सिंह, उमा भारती, बाबूलाल मरांडी, बीएस येदुरप्पा जैसे दिग्गजों पर कार्रवाइयां हुई हैं, तो गोविंदाचार्य पर भी एक कथित बयान को लेकर गाज गिरी। उन्हें अध्ययन अवकाश पर भेजा गया, जहां से आजतक उनकी वापसी नहीं हो सकी है। मोदी का ट्रैक अलग है। वे आलोचनाओं से घबराते नहीं और पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र की छूट देते हुए अपने आलोचकों को भरपूर अवसर देते हैं।

यह कहा जा सकता है कि मोदी आलोचनाओं के केंद्र में रहे हैं, इसलिए इसकी बहुत परवाह नहीं करते हैं। वे कहते भी रहे हैं कि उनके निंदक जो पत्थर उनकी ओर फेंकते हैं, उससे वे अपने लिए सीढ़ियां तैयार कर लेते हैं। 2014 में उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद पार्टी के भीतर भी उनके आलोचकों और निंदकों की पूरी फौज सामने आती है, जो तमाम मुद्दों पर उन्हें घेरती रही है। आश्चर्यजनक रूप से मोदी उनके विरूद्ध पार्टी के अनुशासन तोड़ने जैसी कार्यवाही भी नहीं होने देते हैं। इसमें पहला नाम गांधी परिवार से आने वाले वरूण गांधी का है, जिन्हें भाजपा ने सत्ता में आने के बाद संगठन में महासचिव का पद दिया। वे सांसद भी चुने गए। किंतु पार्टी संगठन में उनकी निष्क्रियता से महासचिव का पद चला गया और वे मोदी के मुखर आलोचक हो गए। अपने बयानों और लेखों से मोदी को घेरते रहे। बावजूद इसके न सिर्फ उनको 2019 में भी लोकसभा का टिकट मिला, बल्कि आज भी वे पार्टी के सदस्य हैं। खुलेआम आलोचनाओं और अखबारों में लेखन के बाद भी उन्हें आज तक एक नोटिस तक पार्टी ने नहीं दिया है। हां, इस बार वे टिकट से जरूर वंचित हो गए। उनकी जगह कांग्रेस से आए जतिन प्रसाद को पीलीभीत से लोकसभा का टिकट मिल गया। जतिन जीत भी गए। दूसरा उदाहरण फिल्म अभिनेता और अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे शत्रुध्न सिन्हा का है। सिन्हा मोदी के मुखर आलोचक रहे और समय-समय पर सरकार पर टिप्पणी करते रहे। अंततः वे भाजपा छोड़कर पहले कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में चले गए। अब वे आसनसोल से तृणमूल के सांसद हैं। यही कहानी पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता यशवंत सिन्हा की है। उन्होंने भी मोदी विरोधी सुर अलापे और अंततः पार्टी छोड़कर चले गए। उनके पार्टी छोड़ने के बाद भी उनके बेटे जयंत सिन्हा को 2019 में भाजपा ने लोकसभा की टिकट दी। जयंत सिन्हा मोदी सरकार में मंत्री भी रहे। इस बार जयंत का टिकट कट गया। ऐसे ही उदाहरणों में क्रिकेटर कीर्ति आजाद भी हैं। मोदी सरकार के विरूद्ध उनके बयान चर्चा में रहे, संप्रति वे तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं।

लेखक और दिग्गज पत्रकार अरूण शौरी, अटलजी की सरकार में मंत्री रहे। उनका बौद्धिक कद बहुत बड़ा है। एक इंटरव्यू में अरुण शौरी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बारे में उनके अधिकारी ही मुझे कहते हैं कि उनके सामने बोल नहीं सकते। मंत्री डरे हुए रहते हैं। कोई कुछ बोल नहीं पाता है उनके सामने। उनके सामने जाने और कुछ भी कहने से पहले लोग डरे रहते हैं और सोच समझकर बोलते हैं। हालांकि अटलजी की पर्सनालिटी ऐसी थी कि लोग उनसे अपनी बात कहना चाहते थे और वह सुनते भी थे। उनकी एक खास बात यह भी थी कि वे भी यह जानना चाहते थे कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। वे पूछा करते थे और लोग बिना किसी डर के बताते भी थे। तीखी आलोचनाओं के बाद भी मोदी का उनके प्रति सौजन्य कम नहीं हुआ और वे शौरी की बीमारी में उन्हें देखने अस्पताल जा पहुंचे और उनके परिजनों से भी मुलाकात की। अरुण शौरी और पीएम मोदी के रिश्तों में उस समय सबसे ज्यादा खटास देखी गई, जब अरुण शौरी यशवंत सिन्हा के साथ राफेल मामले को सुप्रीम कोर्ट लेकर पहुंच गए। यहां पर उन्होंने मामले की जांच और सौदे पर सवाल उठाए थे। हालांकि सुप्रीम कोर्ट में सरकार को क्लीन चिट मिल गई। रिश्तों में आई खटास के बावजूद भी पीएम मोदी ने पुणे स्थित अस्पताल में अरूण शौरी से मुलाकात की। इस मुलाकात के फोटो शेयर करते हुए लिखा- आज पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरीजी से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उनके साथ इस दौरान बहुत अच्छी बातचीत हुई। हम उनकी दीर्घायुऔर स्वस्थ्य जीवन की कामना करते हैं। अपने तीखे तेवरों के चर्चित सुब्रमण्यम स्वामी कभी जनसंघ- भाजपा से जुड़े रहे। बाद में वे भाजपा से अलग होकर जनता पार्टी के अध्यक्ष बने। केंद्र में मंत्री भी बने। 2014 में सत्ता में आने के बाद मोदी ने स्वामी को राज्यसभा के लिए भेजा। स्वामी इससे कुछ अधिक चाहते थे। जाहिर है इन दिनों वे मोदी के प्रखर आलोचक बने हुए हैं। किंतु उनकी आलोचनाओं पर मोदी या भाजपा ने कभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। एक साक्षात्कार में स्वामी ने कहा कि मैं बीजेपी का हिस्सा हूं...मैं इनके साथ लंबे समय से साथ हूं। मुझे पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी से भी दिक्कत थी लेकिन इतनी समस्या नहीं थी, जितनी कि पीएम नरेंद्र मोदी से है।

भाजपा छोड़कर जा चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री आरिफ मोहम्मद खान को वापस लाकर मोदी ने उन्हें केरल के राज्यपाल पद से नवाजा। राज्यपाल के पद पर बैठकर मोदी की आलोचना करते रहे सतपाल मलिक को भी प्रधानमंत्री पद से नहीं हटाते, बल्कि कार्यकाल पूरा करने का अवसर देते हैं। जबकि राज्यपाल एक संवैधानिक पद है और उस पद पर बैठे व्यक्ति को केंद्र सरकार की सार्वजनिक आलोचना से बचना चाहिए। किंतु सतपाल मलिक ऐसा करते रहे और मोदी उनकी सुनते रहे। इसी तरह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी नाराज होकर पार्टी से बाहर थे और अपनी पार्टी बनाकर सक्रिय थे। भाजपा ने मोदी के कार्यकाल में न सिर्फ उनकी पार्टी में वापसी सुनिश्चित की बल्कि उन्हें झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी दिया। नाराज होकर भाजपा दो बार छोड़ चुके कल्याण सिंह (अब स्वर्गीय) को राजस्थान का राज्यपाल बनाया गया। उनके पुत्र राजबीर को लोकसभा की टिकट और पौत्र संदीप सिंह को उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री का पद मिला है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री रहीं उमा भारती भी भाजपा के अनुशासन चक्र का शिकार रहीं। मोदी ने उन्हें अपनी सरकार में मंत्री बनाया और उनके साथ भाजपा छोड़कर गए प्रह्लाद सिंह पटेल मोदी सरकार में राज्यमंत्री बने। अब पटेल मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। ये उदाहरण बताते हैं मोदी अपने लोगों के प्रति खासे उदार हैं। वे अपनी निजी आलोचना की बहुत परवाह नहीं करते और गांठ नहीं बांधते। निजी रिश्तों को राजनीति से ऊपर रखते हैं। वे शरद पवार के अभिनंदन समारोह में शामिल हो सकते हैं, मुलायम सिंह यादव के परिवार में आयोजित विवाह समारोह में भी इटावा भी जा सकते हैं। उनकी ताकत है कि वे कश्मीर में महबूबा मुफ्ती के साथ भाजपा की सरकार बनाने की अनुमति दे सकते हैं। राजनीतिक समझ-बूझ के साथ अपने वैचारिक आग्रहों पर डटे रहना मोदी की विशेषता है। इसलिए वे भारतीय राजनीति की पिच पर आज भी मजबूती से जमे हुए हैं।

# भारत से 71 में ही हो गई थी बड़ी चूक, तभी करा देना था अल्पसंख्यकों की रक्षा का प्रावधान

बांग्लादेश में हिंसा और विरोध प्रदर्शन के चलते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आईं शेख हसीना ने पूरे घटनाक्रम पर पहली बार चुप्पी तोड़ी और आरोप लगाया कि उनकी सरकार को गिराने के पीछे अमेरिका का हाथ है। अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए कोई ऐसा कार्य नहीं किया है, जिसके कारण वह बंगाल की खाड़ी में स्थित सेंट मार्टिन द्वीप अमेरिका को दे दे। लेकिन विचारणीय पहलू यह है कि भारत ने सन 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए पाकिस्तान से युद्ध किया और 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान को बुरी तरह परास्त करके बांग्लादेश की स्वतंत्रता की घोषणा की।

भारतीय सैनिकों ने पूर्वी पाकिस्तान में मौजूद 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों और उनके कमांडर जनरल नियाजी को बंदी बना लिया था। इस युद्ध में 3,000 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए और 12,000 घायल हुए। इसके अलावा इस युद्ध में भारत की एक पंचवर्षीय योजना पर होने वाले धन के बराबर धन खर्च हुआ, जबकि उस समय देश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। यह धन देश की विकास योजनाओं पर खर्च किया जाना था। परंतु मानवता की पुकार के कारण भारत सरकार ने यह धन बांग्लादेश के निर्माण पर खर्च किया। युद्ध समाप्ति के बाद भारत सरकार और खासकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने विश्वस्तर पर अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता के बगैर ही बांग्लादेश का निर्माण कर दिया और युद्ध समाप्ति के 15 दिन बाद ही अपनी सेना को बांग्लादेश से वापस बुला लिया। यहां पर विचारणीय यह कि लंबे समय से पूरे पाकिस्तान में, जिसमें बांग्लादेश भी सम्मिलित है, हिंदू अल्पसंख्यकों पर तरह-तरह के?अत्याचार हो रहे थे, जिसके कारण या तो वे पलायन कर रहे थे या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर हो रहे थे। आजादी से पहले 1946 में बांग्लादेश स्थित नोहा खाली नाम के स्थान पर हुए सांप्रदायिक दंगे में कई हिंदुओं की हत्याएं की गई और महिलाओं से दुष्कर्म किए गए। महात्मा गांधी भी इन दंगों को नहीं रोक पाए थे। 1947 में पश्चिमी पाकिस्तान में हिंदू आबादी 18 फीसदी और पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में 25 फीसदी थी, लेकिन आज पाकिस्तान में हिंदू आबादी घटकर एक प्रतिशत और बांग्लादेश में केवल पांच फीसदी रह गई है। दोनों ही देशों से अब भी हिंदुओं पर किए जाने वाले अत्याचारों की खबरें आती रहती हैं। इतना सब होने के बाद भी बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाने और उसका




निर्माण करने में अपने 3,000 सैनिकों की कुर्बानी और अपनी एक पंचवर्षीय योजना का पूरा धन खर्च करने के बाद भी भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाई। न्याय और मानवता के आधार पर बांग्लादेश के संविधान में उसके निर्माण के समय ऐसे प्रावधान किए जा सकते थे, जिससे वहां की कानून व्यवस्था हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। उस समय बांग्लादेश की सरकार भारत की हर शर्त मानने के लिए तैयार थी, क्योंकि भारत ने ही उसे पाकिस्तान की गुलामी से मुक्ति दिलाई थी। पूरे विश्व के इतिहास में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है, जहां पर किसी देश ने दूसरे देश को बांग्लादेश की तरह स्वतंत्रता?दिलाई हो।

भारत ने जिस देश को लंबी गुलामी से मुक्त कराया, उसके साथ ऐसा कोई प्रावधान नहीं किया, जिसके अनुसार, उसके कानून में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रावधान हो। इसके अलावा भारत की ओर से किए गए अनके आर्थिक अनुबंधों की वजह से बांग्लादेश आज दक्षिण एशिया की एक उभरती आर्थिक शक्ति बन रहा है। सीमाओं पर भी भारत ने उसे सुरक्षा प्रदान की है। पूरी बंगाल की खाड़ी में भारत की नौसेना अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ बांग्लादेश की सीमाओं की सुरक्षा भी कर रही है। परंतु आज उसी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं और उनकी महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है, जिससे मानवता शर्मसार हो रही है।

इस समय भारत सरकार को चाहिए कि बांग्लादेश में जो भी सरकार आती है, उसे साफ शब्दों में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रबंध करने के लिए कहे, अन्यथा भारत अपने आर्थिक संबंध बांग्लादेश से समाप्त कर देगा। उसके विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र में आवाज उठाकर उसको भी पाकिस्तान की तरह एक आतंकी देश घोषित करवा सकता है। इस्राइल एक छोट-सा देश है, लेकिन पूरे विश्व के यहूदियों को वह संरक्षण उपलब्ध करा रहा है। क्या भारत भी इस प्रकार हिंदुओं की रक्षा कर सकता है? परंतु हमारे देश में धर्म निरपेक्षता की आड़ में हिंदुओं की बात ही नहीं की जाती। अल्पसंख्यकों को वोट बैंक माना जाता है। बांग्लादेश और पाकिस्तान की घटनाओं को देखते हुए अब समय आ गया है कि भारत सरकार विश्व पटल पर खुलकर हिंदुओं की रक्षा की बात रखे।

## सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का आग्रह करती है हमारी राखी

### यातायात नियमों के पालन का वचन लेते हुए बांधी गई लोगों को राखी

**शाहरुख़ मिर्ज़ा । सिटी चीफ** आज राजधानी के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा बग्गा ने साथी महिला कार्यकर्ताओं के साथ यातायात नियमों के पालन करने हेतु वाहन चालकों से आग्रह किया। यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के लक्ष्य के साथ जो भी चालक बिना हेलमेट, सीट बेल्ट अथवा अन्य नियमों का उल्लंघन करते दिखे उनसे बेहद विनम्रता के साथ नियमों के पालन करने का आग्रह किया एवं साथी कार्यकर्ताओं के साथ उनकी आरती उतारकर राखी बांधी व उनकी सुरक्षा की कामना की। इसी क्रम में लोगों से यह भी आग्रह किया कि आप जब भी घर से निकलें तो यातायात नियमों का पालन करें एवं सीट बेल्ट/हेलमेट इत्यादि उपकरणों का प्रयोग अवश्य करें। अत्यंत हर्ष का विषय है कि भोपाल के समझदार नागरिकों ने इस पहल में साथ दिया एवं नियमों के पालन करने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन का त्यौहार स्वत: ही रक्षा का संदेश देता है, ऐसे समय में जब सड़क पर नियमों के उल्लंघन के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, तब इस प्रकार की रक्षा का भी महत्व बढ़ जाता है। इस अभियान में सहयोगी रही भारतीय जनता पार्टी की सभी महिला कार्यकर्ताओं का भी आभार जिन्होने अभियान में सक्रियता से सहयोग किया एवं इस महत्वपूर्ण संदेश को जन जन तक पहुंचाया।

## कंजई में शानो-शौकत से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस

### सरपंच के द्वारा तिरंगे झंडे का ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दि गई



**लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ** लालबर्रा, जनपद पंचायत अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कजंई में 78 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व शानो-शौकत से ग्राम सरपंच श्री आनंद बिसेन कि मुख्य अतिथि में मनाया गया। ज्ञात हो कि निर्धारित समय पर सर्वप्रथम ग्राम सरपंच के द्वारा तिरंगे झंडे का ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दि गई तत्पश्चात भारत माता,संवीधान निर्माता डां. भीमराव आंबेडकर व महापुरुष महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर उपस्थित लोगों ने क्रमानुसार माल्यार्पण कर पूजन किये तथा राष्ट्रगाण किये तथा ग्राम में स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जो ग्राम के सभी वार्डों का भ्रमण कर पुन: पंचायत भवनों पहुंची रैली दौरान बच्चों के द्वारा राष्ट्र पर आधारित नारे भी लगाए गए तथा ग्राम पंचायत कंजई व प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय कंजई के तत्वाधान में ग्राम पंचायत के वरिष्ठ समाजसेवी,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष श्री ढालसिंह भाऊ बिसेन जी के प्रमुख आतिथ्य में व ग्राम सरपंच की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के सभी पंच गणों,ग्राम के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ,स्कूल,यूनानी औषधालय, ग्राम पंचायत भवन,आयुष औषधालय में देश की आन बान और शान तिरंगा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया तपश्चात ग्राम के रैन बसेरा में सभी महानुभव अतिथियों की उपस्थिति में स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चो के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा उद्बोधन दिया गया तथा सरपंच श्री आनंद बिसेन ने सभी बच्चों को पारितोषिक उपहार भी दिये तथा उनके उज्जवल भविष्य कि कामना कि वहीं ग्राम सरपंच द्वारा स्कूल में कार्यरत मध्यान भोजन समूह को समूह के मांग अनुसार भोजन पात्र का उपहार भी दिया गया समूह सदस्यों द्वारा सरपंच जी का आभार जताया पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए लालबर्रा थाना प्रभारी हेमंत नायक हुए सम्मानित

### शुभचिंतकों ने भी शोसलमीडिया के माध्यम से दि बधाई




**लकेश पंचेश्वर। सिटी चीफ लालबर्रा,** थाना लालबर्रा में प्रभारी थाना प्रभारी के रूप में इमानदारी से सेवा दे रहे हेमंत नायक को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नवागत जिलाधीस मृगाण मीणा जी ने सम्मानित किए हैं। जैसे ही थाना प्रभारी श्री हेमन्त नायक जी को समन्नीत किये जाने कि जानकारी लगी शुभचिंतकों के द्वारा शोसलमीडिया के माध्यम से बधाई दि गई है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी हेमंत नायक ने लालबर्रा थाना में 10 फरवरी 2024 को लालबर्रा थाने कि कमान संभाली है तथा थाना क्षेत्र में अनेक गांव शामिल होने कि वजह से कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा हैं तथा थाना में सीमित कर्मचारी भी हैं, इन सब के बावजूद भी उनके द्वारा लगातार सेवाएं दि गई, अपराधियों पर लगातार कार्यवाही कि जा रही है,अवैध कामों पर अंकुश लगाने में वे सफल रहे हैं, इन सभी कामों को देखते हुए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया है।

### देवबंद में कोलकाता में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की घटना के विरोध में आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की

# आईएमए के आह्वान पर देवबंद में चिकित्सक 17 अगस्त को रहेंगे हड़ताल पर




**गौरव सिंघल । सिटी चीफ** सहारनपुर । देवबंद, कोलकाता में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की घटना के विरोध में आज आईएमए से जुड़े चिकित्सकों ने एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग रखी। आईएमए देवबंद के अध्यक्ष डा. अनुज गोयल के नेतृत्व में चिकित्सक एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां एसडीएम देवबंद अंकुर वर्मा को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया कि कोलकाता में महिला चिकित्सक की दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की घटना ने राष्ट्र की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। चिकित्सकों ने घटना की त्वरित और गहन जांच कर मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की है साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग भी रखी गई है। घटना के विरोध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के आह्वान पर चिकित्सक 17 अगस्त को 24 घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान केवल इमरजेंसी सेवाएं खुली रहेंगी। डा. अनुज गोयल ने बताया कि संगठन के आह्वान पर 17 अगस्त को सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए चिकित्सीय सेवाएं बंद रहेंगी। केवल आपातकालीन सेवाएं ही प्रदान की जाएंगी। इस दौरान संगठन महासचिव रविप्रकाश खोराना, डा. अरविंद गोयल, डा. लीना गोयल समेत अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## मेपल्स एकेडमी के प्रांगण में देश का 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

### छात्राओं द्वारा गीत और नृत्य कर देशभक्ति का संदेश दिया गया



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ** सहारनपुर । देवबंद, मेपल्स एकेडमी के प्रांगण में देश का 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बडे ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस.डी.एम. देवबंद अंकुर वर्मा, विद्यालय की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्या डॉ0 चित्रा जोशी के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आजादी के इस अमृत महोत्सव में अध्यापक विकास शर्मा के संचालन में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देश-भक्ति नारे व राष्ट्रगान के जयघोष के साथ विद्यालय प्रांगण को गूंजायमान कर दिया गया। आज़ादी के इस पावन पर्व पर सभी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रमों में बढ-चढकर हिस्सा लिया। जिसमें कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा मेरा मुल्क मेरा देश गीत के द्वारा अपनी देशभक्ति को दर्शाया, कक्षा 8 की छात्राओं के द्वारा ओ देश मेरे गीत पर नृत्य कर देशभक्ति का संदेश दिया गया, कक्षा 6 की छात्राओं द्वारा आरम्भ है प्रचंड है गीत पर सामूहिक नृत्य कर सभी में नए जोश का संचार किया। इसी बीच कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति के लिए अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। कराटे कोच दुष्यंत के संचालन में विद्यार्थियों द्वारा अपनी आत्म-सुरक्षा के कुछ गुर बताए गए। योगाध्यापक मानिक तोमर के संचालन में विद्यार्थियों द्वारा योगाभ्यास से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इसी बीच कक्षा 11 की कुछ छात्राओं द्वारा नारी शक्ति के जज्बे को सलाम किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें विद्यार्थियो ने भी मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 चित्रा जोशी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाए देकर हर घर तिरंगे की भावना को जागृत करते हुए कहा कि हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर देश के उत्थान व विकास के लिए कार्य करें।। एस.डी.एम अंकुर वर्मा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए एवं आज़ादी का अर्थ समझाते हुए कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने के लिए मेपल्स एकेडमी सदैव प्रयासरत है और यही विद्यार्थी आगे चलकर भारत देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11 की वैष्णवी गुप्ता व यशु यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उत्कर्ष वत्स, अंजलि त्यागी, नीलम सिंघल, अंकुर राठी, नंदिनी मिनोचा, सिम्मल मखीजा, लवि त्यागी, सचिन त्यागी, संजय गर्ग, मनोज कुमार, गौरव कुमार आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### केएलजीएम इंटर कालेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया ध्वजारोहण




**गौरव सिंघल । सिटी चीफ** सहारनपुर, केएलजीएम इंटर कालेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सरस कुमार गोयल, अध्यक्ष शिवचरण शर्मा, साधारण सभा के अध्यक्ष के के शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, अमरीश कुमार गुप्ता, एडवोकेट सचिन कुमार,जादोराम गुप्ता, इंद्रेश त्यागी, सुधीर प्रकाश मिश्रा, अर्पित शर्मा आदि ने छात्रों को संबोधित किया तथा उन्हें देशभक्ति के विचारों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में सहेंद्र पाल सिंह, संध्या सिंह, अरुण शर्मा, अनूप सिंह, पूनम सिंघल, कांवरसेन गर्ग, अनुज कुमार, मुकेश कुमार ,हरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## बड़ी खट्टाली अपराधियों के हौसले बुलंद

### दिनदहाड़े मोबाइल लेकर फरार हुए चोर



**रिज़वान शेख । सिटी चीफ** अलीराजपुर, अलीराजपुर जिले के बड़ी खट्टाली में शुक्रवार दोपहर 1ः30 बजे व्यापारी की दुकान से एक कर्मचारी का मोबाइल फ़ोन कॉल करने का बहाना बनाकर बाइक सवार फरार हो गए कर्मचारियों ने बताया कि एक बाइक पर तीन युवक आए दूकान के सामने मोटर साइकिल खड़ी करी और इसमें से एक युवक गाड़ी से उतर कर अंदर आया दूकान के और बोला मुझे एक इमरजेंसी फोन करना हे मोबाईल दोना भैया कर्मचारियों ने मोबाइल दे दिया युवक मोबाइल को कान के पास लगाकर बाहर निकलता हुआ जैसे ही बाइक पर सवार होकर बदमाश भागे कर्मचारियों ने पीछा कर दोड लगाई शोर मचाया पर तब तक बदमाश मोबाइल लेकर भाग निकले कर्मचारियों ने मोबाइल कुछ महीने पहले ही खरीदा था पीड़ित ने तत्काल सूचना पुलिस को दी पुलिस ने आई एम ई आई। नंबर सर्चिंग के लिए साइबर सेल को भेजे

## कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया ध्वजारोहण

### उपस्थित सभी जनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी



**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला सकहारी केन्द्रीय बैंक में उपस्थित सभी जनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा हमारा तो अस्तित्व ही हम सहकार भाव से मानते हैं, इसलिए मुझे लगता है कि इस विभाग की बहुत अधिक अहमियत है बहुत महत्त्व है। आज मैं पहली बार इस परिसर में आया हूँ, मुझे बड़ी खुशी हुई। आप सभी को मैं एक बार फिर बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ और मैं आशा करता हूँ कि जिनके लिये यह विभाग है जो हमारे किसान भाई है, सहकारिता से जुड़ी समितियां है और जो उनके सदस्य है, उनके जीवन में हम कोई बदलाव ला सके। तो वाकई में हम सहकारिता के उद्देश्यों को पूरा कर पायेंगे। सहकारिता के 7 रंग होते हैं, इंद्रधनुष के भी 7 रंग होते हैं तो ये रंग आपके जीवन में खुशियां भरें और आपके माध्यम से लोगों के जीवन में खुशियां लाये, यही मेरी शुभकामनाएं है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में ध्वजारोहण उपरांत अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक अनुपम खरे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## खनिज विभाग दमोह द्वारा अवैध खनिज खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध की गई कार्यवाही

### 2 ट्रेक्टर जप्त कर थाना हटा की अभिरक्षा में रखे गये



**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिला खनिज अधिकारी मेजर सिंह जमरा के द्वारा अवैध खनिज खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है द्य इसी क्रम में गत दिवस ग्राम हारट में सुनार नदी में रेत खनिज का अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 2 ट्रेक्टर जप्त कर थाना हटा की अभिरक्षा में रखे गये। अवैध खननकर्ता के विरुद्ध प्रकरण मध्य प्रदेश खनिज नियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में खनिज दमोह दल में सिपाही पुरुषोत्तम गोस्वामी

# बीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के चरित्र पर हुई नाटिका की प्रस्तुति

## सर्व समाज के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, शहीद कभी किसी एक जाति और समाज के नहीं होते हैं, शहीदों ने पूरे देश के लिए बलिदान किया होता है, अभी आपने नाटिका देखी जिसमें रानी अवंती बाई ने युद्ध किया, उनके साथ आदिवासी सैनिक, किसान, मजदूर सभी वर्ग के लोगों ने रानी अवंती बाई का सहयोग किया और सभी ने अंग्रेजों के दांत खट्टे करने का काम किया, यह गाथा दिग्-दिगंतर तक फैलती रहे, रानी अवंती बाई के साथ-साथ भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव और भी शहीदों को याद करें, काकोरी कांड के नायकों को याद करें, कहने का तात्पर्य है सारे जो अमर शहीद है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए, काम किया है, उन सभी को हम याद करें, इन कार्यक्रमों का यही उद्देश्य है। रामगढ़ की रानी अवंती बाई पुस्तिका संस्कृति विभाग के द्वारा प्रकाशित करवाई गई है, इसमें रानी का पूरा जीवन चरित्र है, पुस्तिका का प्रकाशन संस्कृति विभाग और स्वराज संस्थान के द्वारा प्रकाशित करवाई है। इस अवसर पर पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र



प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आज रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर विशाल तिरंगा यात्रा उपरांत आयोजित गरिमामय सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यक्त किये। 1857 की क्रांति की स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर एक विशाल तिरंगा यात्रा स्थानीय तहसील ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर केएन कॉलेज, किल्लाई नाका चौराहा, राय तिराहा, घंटाघर, बेलाताल, होते हुये जटाशंकर में रानी अवंती बाई लोधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समापन हुआ। इस दौरान सांसद राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजिता गौरव पटैल, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, विधायक उमादेवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, पूर्व सांसद चन्द्रभान सिंह, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी, भाव सिंह मासाब, हाकम सिंह लोधी, सत्येंद्र सिंह, नीतेन्द्र सिंह, नरेन्द्र बजाज, लोकेन्द्र पटैल मौजूद थे। राज्यमंत्री धर्मेंद्र लोधी ने कहा रानी अवंती बाई की जन्म जयंती के अवसर पर एक विशाल तिरंगा यात्रा निकल गई है, लगभग 5 किलोमीटर की पैदल तिरंगा यात्रा रानी रानी अवंती बाई जी की जयंती के अवसर पर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम दमोह में संपन्न हुआ। जब हम अपने अमर शहीदों को याद करते हैं, निश्चित रूप से हमारे अंदर देशभक्ति की ज्वाला धधकती है और कहां भी गया है तुमने दिया देश को जीवन, देश तुम्हें क्या देगा, अपनी आग तेज रखने को नाम तुम्हारा लेगा ऐसी रानी अवंती बाई के चरणों में प्रणाम करते हुए, नमन करते हुए यह कार्यक्रम हुआ और रानी अवंतीबाई लोधी के ऊपर एक नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा अभी आप सभी ने जो नृत्य नाटिका देखी यह संस्कृति विभाग द्वारा रानी अवंती बाई पर तैयार करवाई गई है, रानी अवंती बाई लोधी की प्रस्तुति पूरे प्रदेश में हो इसके लिए संस्कृति विभाग को निर्देशित किया जाएगा। जिस प्रकार से रानी दुर्गावती जी की प्रस्तुतियां होती हैं, उसी प्रकार से अब पूरे प्रदेश में रानी अवंती बाई लोधी के जीवन चरित्र पर यह जो नाटिका प्रस्तुत की गई है, इसको पूरे मध्य प्रदेश में प्रस्तुति की जाएगी।

# प्रदेश उपाध्यक्ष ने की नवागत कलेक्टर से सौजन्य भेंट, सौंपी यथार्थ गीता

**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ** शहडोल, जिले में शुक्रवार जन अधिकार संगठन एवं विश्व हिन्दू संगठन भारत के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने नवागत कलेक्टर से एक सौजन्य भेंट की, भेंट के दौरान समाजसेवी महिलाओ ने बतलाया कि उनका संगठन शोषितो पीड़ितों की आवाज़ प्रशासनिक अधिकारियो पहुंचाने का कार्य करता है, संगठन के अनुसार ग्रामीण इलाको में आज भी गरीब अनपढ़ मज़दूर शासकीय योजनाओ से वंचित है। इस दौरान जनअधिकार संगठन की अध्यक्ष नीलू पाण्डेय ने पुष्प गुच्छ देकर राजा विराट की नगरी में स्वागत अभिनंदन किया है तो वही विश्व हिन्दू संगठन, भारत मध्यप्रदेश



की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता सिंह ने नवागत कलेक्टर को यथार्थ गीता भेंट की है, दरअसल पिछले एक वर्ष से प्रदेश उपाध्यक्ष, गीता सिंह यथार्थ गीता घर घर पहुंचाने का संकल्प लेकर रखा हुआ है, अब तक इस कड़ी में उन्होंने लगभग 1500 से अधिक लोगो तक यथार्थ गीता पढ़ने की अपील की है और अपने जीवन में उसका अनुसरण करने की बात कही है। गौरतलब होकि सन 1997 में स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती से ज्ञान की प्राप्ति करने के बाद गीता के ज्ञान के प्रचार में इन्होंने तेजी लाई। गुरु जी के ब्रह्मलीन होने के बाद उन्होंने अपने इस प्रचार प्रसार के काम को और तेज कर दिया। इस तरह से अब तक इन्होंने 75 हजार लोगों तक गीता पहुंचाकर सनातन की पताका फहराने का काम किया है। ठीक उसी तर्ज पर संभागीय मुख्यालय से एक मात्र महिला यथार्थ गीता के प्रचार प्रसार में लगी हुई है। शुक्रवार समाजसेवियो ने यथार्थ गीता घर घर पहुंचाने के इस क्रम में नवागत कलेक्टर केदार सिंह को यथार्थ गीता भेट की है।

# एनसीसी प्रथम वर्ष में चयन की प्रकिया हुई पूरी

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में उज्जैन से आए एनसीसी अधिकारियों एवं केप्टन वीपी मीणा द्वारा एनसीसी प्रथम वर्ष में चयन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। शुक्रवार को आयोजित प्रक्रिया में 47 छात्रा एवं 77 छात्रों ने भाग लिया। चयन के दौरान के जिन छात्र-छात्राओं के शरीर पर टेटू बना हुआ था उन्हें प्रथम स्तर पर ही अयोग्य कर दिया गया। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों की फिजिकल टेस्ट के अंतर्गत सर्वप्रथम उंचाई ली गई एवं



रनिंग करवाई गई। फिजिकल टेस्ट में पास छात्र-छात्राओं की लिखित परीक्षा एनसीसी अधिकारियों द्वारा ली गई। लिखित परीक्षा में मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं का एनसीसी प्रथम वर्ष में चयन किया जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय मे हुयी श्रद्धांजलि

# श्रद्धेय अटल जी की स्मृतियां हम सभी के हृदय में सदैव जीवंत रहेंगी - राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय मे श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। धार्मिक एवं पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह ने अटल जी के जीवन वृत को याद करते हुए कहा कि जननेता, सुशासन के आदर्श प्रतिमान, हम सभी के प्रेरणास्रोत, पूर्व प्रधानमंत्री, %भारत रत्न% श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन! राजनीति को लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित करने वाले श्रद्धेय अटल जी भारतीय राजनीति के राजर्षि और अजातशत्रु थे। राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रदीप्त उनका संपूर्ण जीवन सभी जन-प्रतिनिधियों के लिए एक मार्गदर्शिका है। श्रद्धेय अटल जी की स्मृतियां हम सभी के हृदय में सदैव जीवंत रहेंगी।




जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत है। एक कुशल संगठनकर्ता के रुप में विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित अटलजी का जीवन राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित था। आज उनके स्मृति दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि वंदन। पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया, दमोह सांसद राहुल सिंह, जिला प्रभारी सतानंद गौतम, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, रमन खत्री, अरूण तिवारी, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश लोधी, राजुल चौरहा, सृजन असाटी सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# विद्या ज्योति योजना के तहत छात्राओं को किया छात्रवृत्ति का वितरण

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, प्रतिभाशाली छात्राओं को बैंक अधिकारियों के द्वारा छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। केनरा बैंक द्वारा संचालित केनरा बैंक डॉ अम्बेडकर विद्या ज्योति योजना के तहत शासकीय एकीकृत माद्यमिक विद्यालय महूपुरा एवं महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर की प्रतिभाशाली छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गई। बैंक द्वारा संचालित उक्त योजना के तहत कक्षा पांचवी, छटी एवं सातवीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को 3000 रुपये एवं




आठवीं, नवीं एवं दसवीं की प्रतिभाशाली छात्राओं को 5000 रुपये की राशि दी गई। इस मौके पर केनरा बैंक शाखा शाजापुर के वरिष्ठ प्रबन्धक कुलदीप दीक्षित, शासकीय एकीकृत माद्यमिक विद्यालय की प्राधानाचार्य अंजू सकसेना, महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य आशा श्रीवास्तव सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ढाबा में खड़े ट्रक से हो गया 40 लीटर डीजल पार

## ढाबा कर्मियों की भूमिका संदिग्ध, जांच में जुटी पुलिस

**मोहम्मद मुनीर । सिटी चीफ** शहडोल, ब्यौहारी के वन विहार ढाबा में खड़े ट्रक से डीजल चोरी का मामला सामने आया है, ट्रक चालक ने मामले की शिकायत थाने में की है। चालक ने बताया कि वह सतना से लोडिंग करने खाली ट्रक लेकर ब्यौहारी पहुंचा था,रात करीब 9 बजे उसने ढाबे के समीप खाना खा कर ट्रक को खड़ा कर सो गया, सुबह जब उठा तो ट्रक के टैंक से डीजल चोरी हो चुका था। जिले के ब्यौहारी सहित आसपास के थाना क्षेत्र में हाईवे में खड़े भारी वाहनों से डीजल चोरी का मामला आम हो गया है, आए दिन ट्रक के टैंक से डीजल चोरी की शिकायतें आ रही है कुछ मामलों पर तो पुलिस बिना शिकायत लिए ही ट्रक चालकों को थाने से भगा देती है, वन विहार ढाबा में खड़े ट्रक के टैंक से लगभग 40 लीटर डीजल चोरी हुआ है, जिसकी शिकायत ट्रक चालक के द्वारा थाने में की गई है। ट्रक चालक जीवनलाल साकेत ने



बताया कि वह सतना जिले का रहने वाला है, और खाली ट्रक को लेकर ब्यौहारी आया था, रात 9 बजे वह वन विहार ढाबे में ट्रक को खड़ा करके ढाबा में खाना खाकर सो गया, चालक ने बताया कि अन्य स्थानों में इसी तरह ट्रक को खड़ा करके ढाबे में खाना खाकर रात्रि विश्राम चालक करते हैं, और सुबह होते ही अपने गंतव्य के लिए रवाना हो जाते हैं। इसी तरह उसने वन विहार ढाबे में भी ऐसा ही किया, लेकिन उसे यह पता नहीं था कि यह ढाबे में उसके ट्रक से डीजल चोरी हो जाएगा। जब सुबह डीजल चोरी होने की जानकारी चालक को लगी तो चालक परेशान हो गया क्योंकि उसे माल लोड कर सतना जाना था, और उसके ट्रक में इतना डीजल नहीं बचा था कि वह अपने गंतव्य जा सके। चालक ने मामले की जानकारी ढाबा में मौजूद कर्मचारियों को दी लेकिन ढाबा कर्मचारियों ने उसे वहां से भगा दिया। और उसकी बात भी नहीं सुनी गई। परेशान चालक थाने पहुंचा और लिखित रूप में थाने में एक शिकायत दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यौहारी क्षेत्र में दिन प्रतिदिन अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है, बताया गया की वन विहार ढाबे में रात होते ही असामाजिक तत्वों का डेरा बना रहता है। ढाबे में रात होते ही शराब खोरी भी की जाती है, इस मामले की जानकारी पुलिस को है लेकिन पुलिस कार्यवाही करने से कतराती है। कई बार रात्रि में यहां बस यात्रियों के साथ शराबियों ने मारपीट की घटना को भी अनजान दिया है। यह वही ढाबा है जहां एक यात्री बस में सवार यात्री का 37 लाख रूपए से भरा बैग बस से चोरी हुआ था, यह घटना बीते माह की है, इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली है।

# पायोनियर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

## देश भक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, आजादी की 78वीं वर्षगांठ देशभर सहित नगर में भी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर नगर के अग्रणी शिक्षण संस्थान बेरछा रोड़ स्थित पायोनियर पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण करके सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय में समारोह के अतिथि के रूप में उपस्थित पत्रकार एवं विद्यालय संचालक मंगल नाहर तथा संस्था प्रमुख विमल जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रकार नाहर ने कहा कि देश की आजादी का दिन हम सभी के लिए बेहद गौरव का क्षण है। यह दिन हम



सभी के लिए बेहद कीमती है, जिसे पाने के लिए हमारे देश के अनेक वीरों ने अपने प्राणों की आहुतियां दी है। अब आजादी के अर्थ को हमें सही मायनों में साकार करके देश की तरक्की के लिए अपना योगदान देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्रमुख जैन ने कहा कि आज के बच्चे कल के देश का स्वर्णिम भविष्य हैं। स्कूल में टीचरों का सही मार्गदर्शन लेकर देश सेवा के लिए तैयार होना हमारा उद्देश्य होना चाहिए, तभी इस आजादी का सही उपयोग होगा। कार्यक्रम को संस्था प्रभारी शिक्षिका अंजू शुक्ला ने भी संबोधित किया। इसके पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक, देश भक्ति से प्रेरित आयोजनों की प्रस्तुतियां दी गई। संचालन शिक्षिका वंदना वर्मा ने किया। इस अवसर पर स्कूल स्टॉफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा मण्डल पनवाड़ी : माननीय प्रभारी मंत्री शाजापुर श्री नारायण सिंह जी कुशवाह का पनवाड़ी मण्डल प्रवास दौरा कार्यक्रम संपन्न



**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, पनवाड़ी मण्डल के आदर्श ग्राम पंचायत अभयपुर में माननीय प्रभारी मंत्री जिला शाजापुर श्री नारायण सिंह जी कुशवाह का दौरा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ उक्त कार्यक्रम के दोरान माननीय मंत्री जी के द्वारा मध्यान्ह भोजन में भोजन किया तत्पश्चात बाला जी हनुमान मंदिर अभयपुर पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की साथ की पनवाड़ी मण्डल कार्यकर्तावो द्वारा मंत्री जी का गर्म जोशी से स्वागत किया उक्त कार्य क्रम की अध्यक्षता माननीय विधायक श्री अरुण जी भीमावद ने की,साथ ही विशिष्ठ अथिति के रूप में जिला अध्यक्ष श्री अशोक जी नायक ,जिला महामंत्री श्री दिनेश जी शर्मा ,संतोष जी बराड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमराज सिंह जी सिसोदिया ,जिला उपाध्यक्ष व मण्डल प्रभारी श्री यमुना जी कछावा ,जिला कलेक्टर रिजु जी बाफना,पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया ,जिला पंचायत सी,ई,ओ,जनपद सी ,ई,ओ,उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह जी,मण्डल अध्यक्ष श्री मोहन सिंह जी जादोन,महामंत्री, छगनलाल जी सौराष्ट्रीय,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रोहित धाकड़,महामंत्री कृष्ण पाल सिंह, सौदान सिंह,पूर्व कार्यालय मंत्री सतीष जी पाटीदार ,अभयपुर सरपंच श्री जितेंद्र जी पाटीदार*पनवाड़ी के समस्त मण्डल पदाधिकारी,मण्डल प्रभारी,जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, भाजपा समर्थित सरपंच,पंच परमेश्वर, त्रीदेव जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बुथ अध्यक्ष बुथ महामंत्री , मोर्चा प्रकोष्ठ मण्डल पदाधिकारी व भारी सख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे स्वागत भाषण -मण्डल अध्यक्ष मोहन सिंह जी जादोन संचालन-मण्डल महामंत्री भगवान दास बैरागी ने किया आभार-पूर्व सरपंच रामदयाल जी पाटीदार ने किया



# तीन ट्रकों की भिड़ंत में 2 लोगों की मौत, चार गंभीर घायल

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, आवारा मवेशी को बचाने के चक्कर में तीन ट्रकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नेशनल हाईवे करेड़ी नाके के समीप सडक़ पर बैठे आवारा मवेशी को बचाने के चक्कर में तीन ट्रकों की भिड़ंत हो गई जिसमें जयपाल पिता छोटूलाल बघेल निवासी फतेहाबाद, अजीत यादव यादव निवासी फतेहपुर की मौत हो गई। चार लोग गंभीर घायल हो गए जिनमें से दो को उपचार हेतु देवास रैफर किया गया और दो घायलों का शाजापुर जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

# पौधा रोपण कर आप ने मनाया केजरीवाल जी का जन्मदिन



नीमच मध्य प्रदेश 16 अगस्त ।आम आदमी पार्टी नीमच ने आज बिजली, पानी ,शिक्षा ,स्वास्थ्य ,रोजगार, महिला सुरक्षा, दिल्ली को भ्रष्टाचार मुक्त करने वाले एवं देश की राजनीति में आमूल चूल परिवर्तन करने वाले जननायक आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन लोकसभा कार्यालय नीमच पर 31 फलदार फुलदार पौधों का रोपण कर केक काटकर के हर्षोल्लास के साथ मनाया ।आप के नवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि 12 साल में आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त कर और दिल्ली और पंजाब में बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य के लिए जो कार्य किया है उसके प्रेरणा स्त्रोत मार्गदर्शक अरविंद केजरीवाल हैं और उन्होंने देश की राजनीति में एक नया अध्याय चालू किया है जिसमें आमजन के लिए बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य जैसे मूलभूत आवश्यकताओं के साथ ही भ्रष्टाचार मुक्त भारत की परिकल्पना और महिला सुरक्षा प्रमुखता से हैं । हमें गर्व हैं कि हम आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और निरंतर दिल्ली के बाद पंजाब गुजरात गोवा जैसे प्रदेशों में हमारे विधायक आज पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं हम ऐसे आदर्श पुरुष श्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन मना कर ईश्वर से प्रार्थना कर रहे हैं कि जल्द से जल्द तानाशाह के चंगुल से मुक्त हो और जेल की सलाखो से बाहर आए और वर्तमान में देश में जो तानाशाही चल रही है उसके खिलाफ मुकरता के साथ आंदोलन की शुरुआत करें । आज के आयोजन में आप के नवीन कुमार अग्रवाल, जिला अध्यक्ष अशोक सागर , झुझर बोहरा, नरेंद्र पाटीदार, विनोद पवार, जाबिर हुसैन एवं जितेंद्र, राजकुमार, ओम प्रकाश ,मुकेश ,रोहित पाटीदार ,तोहिद खान ,दीपक राठौड़, नरेंद्र, अनिल मेघवाल, जगदीश चंद्र शर्मा एवं अन्य साथी गण उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना स्वतंत्रता दिवस



**नानपुर** स्थानीय संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरुवार को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व्यापारी संघ प्रमुख एवम समाज सेवी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को किया सलाम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील वाणी व्यापारी संघ प्रमुख एवम समाज सेवी ने ध्वजा पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया।वहीं इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष तरुण वाणी जी, उपाध्यक्ष राजेश राठौड़, सचिव देवेंद्र सोनी, पूर्व अध्यक्ष मनोहरलाल वाणी,सहसचिव विजय नागर,हितेंद्र माली,समाज सेवी रविंद्र सेठ वाणी,सुनील वाणी एवं प्रधानाचार्य ललिता दीदी चौहान समस्त आचार्य बन्धु - भैया-बहिन एवं अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति में ध्वजारोहण कर राष्ट्गान एवं जय घोष किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनभावन प्रस्तुति ... ध्वजारोहण कार्यक्रम के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ भारतीय परम्परा के अनुसार विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती , ? एवं भारत माता की चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा - अर्चना कर मंचासीन अतिथियों का तिलक रोली,पुष्प गुच्छ एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापारी संघ के प्रमुख सुनील वाणी समाज सेवी ने कहा की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार मिलते है जो वर्तमान में देश के कोने कोने में उच्च पद पे रहकर, देश में योगदान दे रहे आज के आधुनिक दौर में हमारी संस्कृति,संस्कार मिलने का एक मात्र केंद्र है सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,वाणी ने विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चो के खेलने के लिए व्यापारी संघ नानपुर की और से विद्यालय परिसर में अतिशिग्रह खिलौने लगाने की बात की,इस दोरान सभी अतिथियो ने कहा की विद्यालय में आवशक्तानुसार हम समय समय पर तन, मन, धन से सहोग करते रहेंगे। इसके बाद शिशु वाटिका की बहिन चंद्रकांता दीदी बघेल एवम पायल चौहान ने मधुर आवाज में कविता पस्तुति दी, वही खुशी निगवाल,वर्तिका मारू द्वार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं स्वतंत्रता दिवस समारोह के पावन अवसर पर विद्यालय के नन्हे मुन्ने भैया - बहनों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण , देशभक्ति गीत , लोकनृत्य एवं मनमोहक नृत्य की भाव पूर्ण प्रस्तुति दी। इसी तरह विद्यालय में विभिन्न अवसरों पर आयोजित प्रतियोगिता श्रीकृष्ण सजाओ प्रतियोगिता,बहनों की सहभागिता पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया,रक्षा सूत्र अन्य प्रतियोगिता, कार्यक्रम के विजेता भैया - बहिनों को पुरस्कार वितरण किया गया।

इनका रहा योगदान वहीं राधादीदी बघेल ने वंदेमातरम् गीत की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात कार्यक्रम का समापन समस्त भैया - बहनों , अभिभावकों को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं इस समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त आचार्य भैया - बहनों का सराहनीय योगदान रहा व कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश राठौड़ ने किया। मनभावन कार्यक्रम के अंत में विद्यालय समिति के देवेंद्र सोनी,गुडु काका ने आभार प्रकट किया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन हाथरस में झण्डारोहण कर सभी को देश रक्षा ,एकता एवं अखंडता की दिलाई शपथ




आज दिनांक 15.08.2023 को पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री निपुण अग्रवाल द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन हाथरस मे झण्डारोहण कर सभी को देश रक्षा, एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री अशोक कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन श्री गोपाल सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री राजकुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कैम्प कार्यालय पर झंडारोहण किया गया एवं उपस्थित कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण कराकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई । इसके उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर झण्डारोहण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगो द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को संकल्प पत्र पढ़कर भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोक तंत्रात्मक गणराज्य बनाने, आपसी भाईचारा, बन्धुता, दृढ़संकल्प तथा सभी मतभेद शांतिपूर्ण तरीके से दूर करने की शपथ दिलाई गई । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशिष्ट/सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित पुलिस कर्मियों को बधाई दी गई । इसी क्रम मे पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने सम्बोधन में इस पावन दिवस के महत्ता को याद करते हुए सैंकड़ों महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान को याद किया गया एवं सभी पुलिसकर्मियों को अपने राष्ट्र के सम्मान को बनाये रखने व सभी को सत्यनिष्ठा के साथ अपना कर्तव्य पालन कर सुरक्षित एवं शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण में योगदान करने हेतु प्रेरित किया गया । पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता स्वच्छंदता नही है जो हमें मनमानी करने की छूट दे बल्कि हम जहाँ भी रहे अपने कर्तव्यों का निष्पादन इस तरह से करें कि वो राष्ट्र की मंशा के अनुरूप राष्ट्र को मजबूत करें । हमको किसी को परेशान करने की नियत से कार्य नही करना चाहिए । सच्ची स्वतंत्रता एक अच्छे परिवेश में जो हमारे पूर्वजों ने हमको दी है कि आज हम एक उनमुक्त वातावरण में सांस ले रहे है । एक ऐसे राष्ट्र में हम अपने जीवन को खुशहाल बना रहे है कि जहाँ पर कोई धर्म, जाति आदि का प्रतिबंध नही है । हम अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से कर राष्ट्र की शक्ति बनें तथा सभी से अपील की सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छे ढंग से करें जिसे राष्ट्र और सशक्त व सुंदर बनें । इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को मेडल/प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इसी क्रम में श्री विजेन्द्र सिंह (पुलिस लाइन/पुलिस कार्यालय) को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया । इसी क्रम में उ0नि0 श्री धर्मपाल सिंह (कार्यालय क्षेत्राधिकारी सादाबाद),उ0नि0 श्री उदयवीर सिंह (थाना हाथरस जंक्शन), उ0नि0 श्री गम्भीर सिंह(पुलिस लाइन),उ0नि0 श्रीमती सर्वेश कुमारी(पुलिस लाइन) ,उ0नि0 स्व0 श्री सतेन्द्रपाल सिंह(डायल-112 मे नियुक्त थे जिनकी दिनांक 13.07.2024 को बिमारी के कारण मृत्यु हो चुकी है), उ0नि0 श्री शिशुपाल(थाना-हसायन), मु0आ0 श्री राज कुमार(पुलिस लाइन),मु0आ0 श्री अफसर खॉ(थाना-सिकन्द्राराऊ), मु0आ0 श्री प्रमोद कुमार(थाना-सादाबाद),मु0आ0 श्री मुख्त्यार सिंह (पुलिस लाइन),उ0नि0श्री रामऔतार सिंह (थाना-हाथरस गेट),मु0आ0(वर्तमान में उ0नि0) श्री रोशन अली(थाना मुरसान),मु0आ0(वर्तमान में उ0नि0)श्री प्रमोद चन्द(थाना-मुरसान),मु0आ0 श्री हरनारायण सिंह (थाना-हसायन),मु0आ0 सु0श्री सुनीता यादव (पुलिस लाइन),मु0आ0 श्री दामोदर सिंह ( वाचक कार्यालय),मु0आ0श्री अबरार अहमद (थाना-चन्दपा),मु0आ0 श्री मनोज कुमार (यू0पी0 डायल-112),मु0आ0 श्री उमेश कुमार(पुलिस लाइन) को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया । इसी क्रम में मु0आ0 श्री राजकुमार शर्मा (पुलिस कार्यालय क्षेत्राधिकारी),मु0आ0 श्री नारायण सिंह (पुलिस लाइन),उ0नि0 (लिपिक) श्री इन्द्रजीत सिंह (पुलिस कार्यालय, ,उ0नि0(लिपिक)श्री योगेन्द्र सिंह (पुलिस कार्यालय, प्रधान लिपिक शाखा),मु0आ0सा0पु0. श्री पंकज बाबू (पुलिस लाइन) को गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदत्त उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवाये महोदय द्वारा प्रशंसा चिन्ह(रजत) से अलंकृत किये गये फायरमैन श्री विजय सिंह को सम्मानित किया गया । तथा अग्निशमन द्वितीय अधिकारी श्री दीपक कुमार,लीडिंग फायरमैन श्री राजकुमार गौतम,फायर सर्विस तालक श्री राजकुमार सिसोदिया,फायरमैन श्री विजय कुमार,फालवर श्री सोनू कुमार,सफाई कर्मी श्री होरीलाल को पुलिस महानिदेशक अग्निशमन तथा आपात सेवाये महोदय द्वारा प्रदान किये गये प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । इसी क्रम में बेहतर रिसपांस टाइम बनाये रखने हेतु डायल-112 में नियुक्त उ0नि0 कमाण्डर श्री जसवन्त सिंह ,आरक्षी सबकमाण्डर दिव्यांश ,आरक्षी सबकमाण्डर गौरव चौहान ,आरक्षी चालक बनी सिंह ,एच0जी0चालक अशोक कुमार,मु0आ0कमाण्डर रूपेश कुमार,आरक्षी सबकमाण्डर पुष्पेन्द्र कुमार, आरक्षी चालक देवेन्द्र कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण कराकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई । इसी क्रम में नि0 रिशीपाल सिंह (रीडर पुलिस अधीक्षक हाथरस),नि0 गिरीश चन्द्र गौतम (स्वॉट टीम प्रभारी हाथरस),नि0 मनीश चिकारा पीआरओ (पुलिस अधीक्षक हाथरस),उ0नि0 सोनू भाटी (थाना कोतवाली हाथरस),उ0नि0(एम)उमाशंकर (रिट बाबू हाथरस), है0कां0 379 राकेश यादव (हैड पेशी पुलिस अधीक्षक हाथरस),है0कां0 115 सुखवीर सिंह (पेशी अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस),क0आ0 सचिन( थाना सासनी), है0कां0 164 अजयपाल( क्षेत्राधिकारी नगर हाथरस),है0कां0 219 प्रवीन कुमार (क्षेत्राधिकारी सि0राऊ), है0कां0 436 विपिन कुमार (क्षेत्राधिकारी सादाबाद), है0कां0 236 वीरु (चुनाव सैल हाथरस),कां0 प्रिन्स (कोतवाली हाथरस),कां0 101 सुमित (थाना सादाबाद),कां0 865 अंकित कुमार (थाना सादाबाद), है0कां0 संदीप राघव ( थाना सासनी), है0कां0 पुष्पेन्द्र पाल सिंह (थाना सासनी), कां0 688 रितिक(थाना हाथरस जंक्शन),कां0 902 राहुल (थाना मुरसान), कां0 771 विकास पंवार (थाना हसायन),है0कां0 165 शैलेन्द्र कुमार (थाना सि0राऊ), कां0 121 सतेन्द्र सिंह (थाना सि0राऊ),कां0 रवि कुमार (थाना सहपऊ), है0कां0 242 आशीष राजौरिया (थाना हाथरस गेट),कां0 अरुण मलिक ( थाना हाथरस गेट), आरक्षी आरमोरर सुनील कुमार (पुलिस लाइन हाथरस), है0कां0प्रो0 उदयभान सिंह (पुलिस लाइन हाथरस), कां0 भोप सिंह (पुलिस लाइन हाथरस), कां0 दुष्यन्त कुमार (पुलिस लाइन हाथरस), क0आ0 स्नेहॉशू शाक्य (सीसीटीएनएस कार्यालय हाथरस),क0आ0 पारिशा कुमारी(महिला थाना), कां0 सचिन यादव (मीडिया सैल), कां0 राजन मलिक (मीडिया सैल),कां0 मोहित कुमार(साइबर सैल हाथरस),हे0कां0 191 सचिन शर्मा(स्वॉट टीम हाथरस),हे0कां0 156 राकेश यादव(स्वॉट टीम हाथरस),हे0कां0 117 विनोद कुमार(सर्विलॉस टीम हाथरस),है0कां0 पवनेश कुमार(सर्विलॉस टीम हाथरस), कां0 303 सोनवीर(स्वॉट टीम हाथरस),कां0 282 जोगेन्द्र(स्वॉट टीम हाथरस),कां0 298 ललित कुमार(स्वॉट टीम हाथरस),कां0 857 सौरभ चौधरी(स्वॉट टीम हाथरस),कां0 579 अनिकेत(स्वॉट टीम हाथरस),कां0 353 उमेश शर्मा(स्वॉट टीम हाथरस),कां0 पवन कुमार(सर्विलॉस टीम हाथरस),कां0 80 अमित कुमार(टेलीफोन ड्यूटी पुलिस अधीक्षक हाथरस), है0कां0 इरफान(गोपनीय कार्यालय हाथरस),कां0 427 ललित कुमार(सीसीटीएनएस कार्यालय हाथरस),कां0 651 मनु चौधरी(डीसीआरबी हाथरस) को सरहानीय कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया । तत्पश्चात पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक महोदय व उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया ।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के जन्मजयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया माल्यार्पण



**अशोकनगर।** वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अशोकनगर के मुंगावली स्थित अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी पार्क में माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 1857 के स्वाधीनता संग्राम में रानी अवंतीबाई की भूमिका पर चर्चा करते हुए उनके अदम्य साहस और देशभक्ति का स्मरण किया। उन्होंने रानी अवंतीबाई लोधी के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान की सराहना की। रानी अवंतीबाई लोधी ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और अंतिम सांस तक देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित रहीं। उनकी वीरता और बलिदान को याद करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने रानी अवंतीबाई के प्रेरणादायक जीवन से शिक्षा लेने और समाज में एकता और देशभक्ति की भावना को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में राजेश यादव मंडल अध्यक्ष, महेंद्र लोधी पिपरिया मल्हारगढ़, ज्ञान सिंह लोधी ब्लॉक अध्यक्ष, नागेन्द्र परिहार महामंत्री, मुकेश खटीक पार्षद, विक्रम यादव, अर्जुन दांगी पूर्व मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, मोहन यादव, रामबाबू लोधी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# देश भक्ति की भावना के साथ पूरे हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस का पर्व



**एजेंसी** देश की आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वही कई विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आकर्षक प्रस्तुतियां प्रदान की गई कोर्ट परिसर में जिला व सत्र न्यायाधीश संदीप कुमार सोनी, वही तहसील कार्यालय में अनुविभागीयअधिकारी सुनील जायसवाल ने झंडा वंदन किया मंडी कार्यालय में मंडी सचिव प्रवीण भाई ने झंडा वंदन किया संजय चौक विजय स्तंभ पर कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वजारोहण किया गया जगदेवगंज पर पोरवाल समाज के अध्यक्ष दिनेश कोठारी ने समाज जनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया, गायत्री परिवार द्वारा गायत्री मंदिर में झंडा वंदन किया गया वही आलोट के विभिन्न विद्यालयों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जो कृषि उपज मण्डी में जनपद पंचायत द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में पहुंची जहां क्षेत्रीय विधायक चिंतामन मालवीय ,आलोट नगर परिषद अध्यक्ष ममता विमल जैन के आतिथ्य में आलोट जनपद पंचायत अध्यक्ष मुन्ना कुंवर कालू सिंह परिहार द्वार झण्डा वंदन किया गया इसके बाद स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन पूर्व पार्षद शेलेष आंचलिया ने किया कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल, मण्डी सचिव प्रवीण जी,मुख्यनगर परिषद अधिकारी दिलीप श्रीवास्तव ,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया, पूर्व जनपद सदस्य नीलम सोलंकी,महामंत्री अनिल पोरवाल, किसान नेता लक्ष्मण सिंह परिहार,कमल गुप्ता, साकेत पोरवाल, जितेन्द्र काला कृष्णा सेठिया,शांतिलाल पोरवाल,आदि के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी व स्कूली बच्चे उपस्थित थे वही नगर परिषद में सुबह 8 बजे अध्यक्ष ममता जैन ने ध्वजारोहण किया जहां तिरंगे के सम्मान में गॉड ऑफ आनर दिया गया कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि अनिल भरावा ने किया इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अभिषेक जैन ने नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए आलोट नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपनी महती भूमिका निभाने की अपील की वही मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन नगर परिषद अध्यक्ष ममता जैन ने किया कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप श्रीवास्तव, पार्षद रीना अनिल भरावा, प्रमिला राकेश बैरागी ,पार्षद प्रतिनिधि नागेश खारोल अजात शत्रु सिंह परिहार फिरोज मेव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामप्रसाद राठौर वरिष्ठ भंवर लाल शर्मा केदार मल काला,गायत्री परिवार के गोपाल दुबे, महिला मोर्चा अध्यक्ष रीता परमार,पूर्व पार्षद बाबूलाल पांचाल,मोहक मेहता,महेंद्र पांचाल, संजय काला ,राकेश मामा,बद्री टेलर,कालू मामा,उपयंत्री मोहम्मद शकील ,लेखापाल ,लाल सिंह इंदौलिया, राहुल सिसोदिया पवन धूमकेती आशीष गुप्ता,अंकित बाफना, अक्षित कंडारे,श्याम दुबे, ब्रजेश दुबे ,दीपक खरे,हर्ष भाटी कुशाल डूलगज ,मुकेश कठेरिया,

# खालिस्तानी निज्जर हत्या मामले में गिरफ्तार भारतीय पर हिरासत में जानलेवा हमला



खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में गिरफ्तार भारतीय नागरिक पर हिरासत में हमला होने की खबर है। यह जानकारी एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट से मिली है। इंडो-कैनेडियन वॉयस के अनुसार, अनाम स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर पता चला है कि तीन आरोपियों में से एक पर सरे प्रीट्रायल सेंटर में हमला हुआ। कहा जा रहा है कि यह घटना जिम में हुई हो सकती है। निज्जर की हत्या के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से तीन 18 जून, 2023 से हिरासत में हैं। मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। चौथे आरोपी, 22 वर्षीय अमनदीप सिंह, को 11 मई को निज्जर की हत्या के मामले में आरोपित किया गया था, जबकि वह पहले से ही पील रीजनल पुलिस द्वारा नवंबर 2023 में ड्रग्स और हथियारों के आरोप में गिरफ्तार किए गए थे। चारों आरोपियों पर प्रथम श्रेणी हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप लगे हैं। 7 अगस्त को बीसी प्रांतीय कोर्ट में सुनवाई के बाद उनका ट्रायल 1 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। हिरासत में हमला होने की जानकारी के बावजूद, बीसी के पब्लिक सेफ्टी और सॉलिसिटर जनरल मंत्रालय ने इस घटना की पुष्टि या खंडन नहीं किया है। हालांकि, इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने अभी तक भारतीय सरकार के साथ किसी भी संभावित संबंध की घोषणा नहीं की है। 3 मई को, फेडरल पुलिसिंग प्रोग्राम के कमांडर डेविड टेबुल ने कहा था कि इस मामले में भारतीय सरकार के साथ संबंधों की जांच भी चल रही है। बता दें कि निज्जर की हत्या के बाद, भारतीय और कनाडाई संबंधों में खटास आ गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंटों के शामिल

# भारी बारिश से माता वैष्णो देवी रूट पर भूस्खलन, यात्रा के लिए बदला गया रास्ता



नेशनल डेस्क. जम्मू में भूस्खलन की वजह से कटरा से माता वैष्णो देवी दरबार तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर यात्रा प्रभावित हो गई है। यह लैंडस्लाइड श्री माता वैष्णो देवी यात्रा मार्ग पर देवरी के पास हुआ है। इस कारण फिलहाल यात्रा रोक दी गई है।
हालांकि, भूस्खलन से किसी जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। एक वैकल्पिक रास्ते के जरिए यात्रा फिर से शुरू कर दी गई है। श्राइन बोर्ड के सदस्य इस स्थिति पर ध्यान रखे हुए हैं और हालात पर बारीक नजर रखे हुए हैं। भारत मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों में जम्मू क्षेत्र के कई हिस्सों में बहुत भारी बारिश हुई है, जिससे भूस्खलन की स्थिति उत्पन्न हुई।
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल का अंतिम रॉकेट लॉन्च किया। यह रॉकेट सुबह 9ः19 बजे प्रक्षिप्त किया गया। SSLV की यह तीसरी और आखिरी डेवलपमेंटल फ्लाइट है, जिसके सफलतापूर्वक लॉन्च होने के बाद यह रॉकेट पूरी तरह से तैयार माना जाएगा। इसके माध्यम से ISRO छोटे सैटेलाइट्स को कम लागत में अंतरिक्ष में भेज सकेगा। इस बार SSLV अपने साथ EOS-08 सैटेलाइट को लेकर गया है। EOS-08 सैटेलाइट का मुख्य उद्देश्य धरती की तस्वीरें लेना और मौसम की जानकारी प्रदान करना है। यह सैटेलाइट 24 घंटे धरती की तस्वीरें खींचेगा, जो आपदा प्रबंधन, पर्यावरण निगरानी और सुरक्षा में सहायक होगी।

# विदेश मंत्री जयशंकर 18 अगस्त को रहेंगे कुवैत के दौरे पर

### अपने समकक्ष अब्दुल्ला अली अल-याह्या से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर 18 अगस्त को कुवैत का दौरा करेंगे और उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों पक्षों द्वारा राजनीतिक, व्यापार, निवेश, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के संपर्क सहित द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।
अपनी इस यात्रा के दौरान, जयशंकर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से भी मिलेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उनके कुवैत के शीर्ष नेतृत्व से भी मिलने की संभावना है।
बयान में कहा गया है, जयशंकर 18 अगस्त को कुवैत का आधिकारिक दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष राजनीतिक, व्यापार, निवेश, ऊर्जा, सुरक्षा, सांस्कृतिक, वाणिज्य दूतावास और लोगों से लोगों के संपर्क सहित भारत-कुवैत द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही दोनों देश आपसी हितों के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में 45 भारतीयों की मौत हो जाने के करीब दो महीने बाद यह यात्रा हो रही है।

# गाजा में संघर्ष का कैसे निकलेगा शांतिपूर्ण समाधान मोदी ने इजराइल के PM नेतन्याहू को बताया रास्ता



नेशनल डेस्क: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की और गाजा में युद्ध की मौजूदा स्थिति में सुधार और जारी संघर्ष के शीघ्र व शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके साथ ही सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्धविराम तथा मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता के अपने आह्वान को दोहराया।
नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री को फोन किया था और इस दौरान भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए कहा, ''हमने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। स्थिति में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। सभी बंधकों की तत्काल रिहाई, युद्धविराम और मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता के अपने आह्वान को दोहराया।गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्ध में अब तक 40 हजार से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। बाद में यहां प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''उन्होंने (मोदी) बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी पहले भी नेतन्याहू से हुई अपनी बातचीत के दौरान इस संघर्ष का समाधान बातचीत व कूटनीति के जरिए निकालने पर जोर देते रहे हैं। पीएमओ के अनुसार दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं और भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। इसके अलावा दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने पर भी सहमति व्यक्त की दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई जब गाजा में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से शांति वार्ता का एक नया दौर बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने इजराइल-हमास युद्ध को रोकने और बड़ी संख्या में बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वार्ता का एक नया दौर शुरू किया। गाजा में युद्ध विराम से संभवतः पूरे क्षेत्र में तनाव खत्म होने की उम्मीद है। युद्ध की शुरुआत सात अक्टूबर को तब हुई जब हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल पर हमला किया, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए (जिनमें से अधिकतर नागरिक थे) और लगभग 250 लोगों को बंधक बनाकर गाजा लाया गया।

### बेटे का भी अपहरण किया

# पाकिस्तान में सिख महिला को बंधक बनाकर 9 महीने तक गैंगरेप



**पेशावर।** पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले में एक सिख महिला को 9 महीने तक बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि महिला और उसके नाबालिग बेटे को सुरक्षित मुक्त करा लिया गया है और इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। घटना लाहौर से करीब 130 किलोमीटर दूर पंजाब के फैसलाबाद जिले में हुई। पीड़िता तलाकशुदा सिख महिला है और वह अपने बेटे के साथ अकेली रहती थी। कुछ साल पहले, पीड़िता की एक दोस्त, साइमा, ने उसे खुर्शीद शाहजाद नामक व्यक्ति से मिलवाया था। साइमा ने यह परिचय अपने हितों के लिए कराया था, जो आगे चलकर इस भयावह घटना का कारण बना। खुर्शीद शाहजाद और उसके भाई किजर शाहजाद ने पीड़िता को जबरदस्ती बंधक बना लिया और उसे उनके घर में कैद कर लिया। इस दौरान, वे उसे नियमित रूप से धमकाते रहे और बार-बार उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। महिला को इस अवैध कैद से बचने का कोई मौका नहीं दिया गया। आरोपियों ने उसके नाबालिग बेटे का अपहरण भी कर लिया और उसे अपनी मर्जी से काम करने के लिए मजबूर किया। आरोपियों ने पीड़िता के बेटे को ननकाना साहिब से फैसलाबाद आने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बच्चे को बहाना बनाकर बुलाया कि उसकी बुआ के घर जाना है। लेकिन फैसलाबाद पहुंचने पर, आरोपियों ने बच्चे को बंधक बना लिया और पीड़िता को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीड़िता के रिश्तेदारों ने पुलिस से संपर्क किया और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। 14 अगस्त को पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापा मारा और वहां से महिला और उसके बेटे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। पुलिस ने खुर्शीद शाहजाद और किजर शाहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामला बहुत गंभीर है और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। घटना सामने आने के बाद सिख समुदाय में गुस्से की लहर दौड़ गई है। लोगों ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

### टीटीपी के 7 आतंकवादी ढेर

**नेशनल डेस्क ।** पाकिस्तान के हिंसा-प्रभावित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सात आतंकी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि कुर्रम जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर उनके खिलाफ अभियान चलाया गया। इसमें कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने टीटीपी के सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया, जबकि पांच आतंकी घायल हैं। बयान के अनुसार, ख्वारिज (आतंकवादियों) के ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया गया और वहां से काफी संख्या में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए हैं।

# मात्र 200 रुपये की बचत और लाखों की कमाई...जीवन बीमा निगम की इस नई स्कीम का उठाएं फायदा




**नेशनल डेस्क।** भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने एक नई और आकर्षक पॉलिसी पेश की है, जो बचत और निवेश दोनों की बेहतरीन सुविधाएं प्रदान करती है। LIC की नई योजना का नाम है जीवन प्रगति पॉलिसी, जो खासतौर पर उन लोगों के लिए है जो छोटी-छोटी बचत से बड़ा फंड जुटाना चाहते हैं। इस योजना में आप रोज़ाना सिर्फ 200 रुपये की बचत करके 28 लाख रुपये तक का फंड जमा कर सकते हैं।

**12 से 45 साल के लोगों के लिए बेहतरीन योजना**

LIC की जीवन प्रगति पॉलिसी उन लोगों के लिए एक शानदार विकल्प हो सकती है जो 12 साल से लेकर 45 साल की उम्र के बीच हैं। इस पॉलिसी के तहत निवेशक न केवल अच्छा रिटर्न पा सकते हैं बल्कि साथ ही साथ रिस्क कवर भी मिलता है। यह पॉलिसी आपको एक सुरक्षित भविष्य के लिए एक अच्छा फाइनेंशियल प्लान प्रदान करती है।

LIC जीवन प्रगति पॉलिसी में निवेश करने पर आपके फंड का कैलकुलेशन काफी आकर्षक है। यदि आप रोज़ाना 200 रुपये की बचत करते हैं, तो महीने में 6000 रुपये का निवेश होगा। साल भर में, यह निवेश 72,000 रुपये बन जाएगा। इस तरह से, 20 साल तक लगातार निवेश करने पर आप कुल 14,40,000 रुपये का निवेश करेंगे। सभी बोनस और लाभ जोड़कर, आपका कुल फंड 28 लाख रुपये तक पहुंच सकता है।

**रिस्क कवर हर पांच साल में बढ़ेगा**

जीवन प्रगति पॉलिसी की एक खासियत यह है कि इसमें निवेशक का रिस्क कवर हर पांच साल में बढ़ता है। इसका मतलब है कि जैसे-जैसे समय बढ़ेगा, आपकी पॉलिसी का कवरेज भी बढ़ेगा। इस पॉलिसी में मृत्यु लाभ (डेथ बेनिफिट) के तहत, पॉलिसीधारक की मृत्यु होने पर इंश्योरेंस की रकम, सिंपल रिवर्सनरी बोनस और फाइनल बोनस को एक साथ पेमेंट किया जाता है।

**कवरेज का विस्तार कैसे होता है?**

जीवन प्रगति पॉलिसी का टर्म न्यूनतम 12 साल और अधिकतम 20 साल का होता है। पॉलिसीधारक अपनी सुविधा के अनुसार प्रीमियम तिमाही, छमाही या सालाना आधार पर चुका सकते हैं। इस पॉलिसी में न्यूनतम सम एश्योर्ड 1.5 लाख रुपये है, और अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं है। मान लीजिए, कि आपने दो लाख रुपये की पॉलिसी खरीदी है। पहले पांच साल के लिए आपकी कवरेज सामान्य रहेगी। इसके बाद, छह साल से 10 साल के बीच कवरेज बढ़कर 2.5 लाख रुपये हो जाएगा। फिर 10 से 15 साल के बीच कवरेज बढ़कर तीन लाख रुपये हो जाएगा। इस प्रकार, आपकी पॉलिसी का कवरेज समय के साथ बढ़ता जाएगा।

**एक सुरक्षित और लाभकारी निवेश योजना**

LIC की यह योजना आपको एक सुरक्षित भविष्य के लिए एक ठोस वित्तीय आधार प्रदान करती है। छोटी-छोटी बचत के जरिए आप एक बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं, और साथ ही साथ आपको एक मजबूत रिस्क कवर भी मिलता है। यह पॉलिसी उन लोगों के लिए बहुत उपयोगी है जो लंबे समय तक निवेश करना चाहते हैं और अपने परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना चाहते हैं।

इस प्रकार, LIC की जीवन प्रगति पॉलिसी एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है यदि आप एक सुरक्षित और लाभकारी निवेश योजना की तलाश में हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569